# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 21 अप्रैल 2025

संवत 2082, वैशाख कृष्ण 9 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 226 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ गंभीर चिंता का विषय है चपरासी के लिए उच्च डिग्रीधारियों के आवेदन

सोनाक्षी सिन्हा की नई फिल्म निकिता रॉय 30 मई को सिनेमाघरों में ◂◂ 6


## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

# एक करोड़ के इनामी नक्सली विवेक सहित 8 ढेर

- भारी मात्रा में हथियार बरामद हो रही जांच

**संवाददाता**



**रांची/ बोकारो :** बोकारो जिले में नक्सल विरोधी अभियान को एक बड़ी सफलता मिली है। लुगू पहाड़ की तलहटी में झारखंड पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों के संयुक्त अभियान के दौरान हुई भीषण मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी नक्सली कमांडर विवेक और 10 लाख के इनामी अरविंद यादव समेत 8 नक्सली मारे गए हैं। इस ऑपरेशन को झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ हाल के वर्षों में सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।

**कैसे हुई मुठभेड़?**

पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, एक बड़े नक्सली दल की मूवमेंट की गुप्त सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। तभी नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने मोर्चा संभालते हुए नक्सलियों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। करीब दो घंटे तक चले इस ऑपरेशन में नक्सलियों को भारी नुकसान हुआ। अब तक 8 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या 10 से अधिक होने की संभावना जताई जा रही है।

**हथियारों का जखीरा बरामद**

मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार, कारतूस, विस्फोटक, वायरलेस सेट और नक्सली साहित्य बरामद हुआ है। इससे साफ है कि नक्सली किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में थे, जिसे सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया। सुरक्षा बल ग्रामीणों को बुलाकर शवों की पहचान कराने का काम कर रहे हैं। बाकी शवों की पहचान प्रक्रिया जारी है।

प्रयाग मांझी उर्फ विवेक उर्फ फुचना उर्फ नागो मांझी उर्फ करण दा उर्फ लेतरा ,पिता- स्व0 चरकुमुरमू ग्राम-दलुबुढ़ा, धनबाद जिले के टुंडी का रहने वाला है । सीपीआई माओवादी का ये खूंखार नक्सली पिछले कई दशकों से पुलिस के सिरदर्द बना हुआ था । मारे गए दूसरे नक्सली प्रयाग पर एक करोड़, अरविंद यादव पर 25 लाख और साहेब राम मांझी पर 10 लाख का ईनाम था ।

## रील बनाने के दौरान 30 फीट की ऊंचाई से गिरा किशोर, मौत

**बोकारो :** आज के दौर में शायद ही कोई ऐसा हो जिसे रील बनाने का शौंक न हो। रील बनाकर लोग सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं, लेकिन झारखंड के बोकारो में रील ने एक किशोर की जान ले ली।

घटना चंद्रपुरा थाना अंतर्गत मकोली ओपी थाना क्षेत्र के कारीपनी स्थित बंद कोल हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी) के सेलो एरिया की है। बताया जा रहा है कि 17 वर्षीय पंकज चौहान अपने दोस्तों के साथ रील्स बनाने के लिए बंद कोल हैंडलिंग प्लांट के सेलो एरिया में ऊपर चढ़ा था। इस दौरान पंकज का संतुलन बिगड़ गया और वह 30 फीट की ऊंचाई से गिर गया। नीचे पेड़ से टकराने से उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना में पंकज का हाथ और पैर भी टूट गए थे। मामले में मृतक के पिता अंबिका चौहान का कहना है कि पंकज खेलने के लिए कहकर घर से बाहर निकला था। वहीं, घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### तीन मंजिला इमारत में लगी भीषण आग

## मां-बेटी जिंदा जली, पसरा मातम

- चार लोगों को बचाया गया
- शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**संवाददाता**



**गिरिडीह :** जिले में उस वक्त हड़कंप मच गया जब 3 मंजिला एक इमारत में आग लग गई जिसमें मां-बेटी की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**दुकान में लगी आग में जिंदा जली मां-बेटी:** यह इमारत पचम्बा पुलिस थाना क्षेत्र के मारवाड़ी मोहल्ला में स्थित है, जिसमें कपड़े की दुकान और आवासीय अपार्टमेंट हैं। बताया जा रहा है कि आज यानी सोमवार तड़के 3 मंजिला एक इमारत में आग लग गई। इससे दुकान में फंसी मां-बेटी की मौत हो गयी। पुलिस की टीम के साथ फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय युवकों द्वारा संगीता डालमिया और खुशी डालमिया को निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन आग की लपटें इतनी भयावह थी कि दोनों की घंटो अंदर फंसे रहने के कारण दर्दनाक मौत हो गयी। हालांकि दमकल की गाड़ियों ने 4 लोगों को सुरक्षित बचा लिया है। 5 घंटे बाद भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। वहीं, दुकान में रखे गये सारे कपड़े और अन्य कीमती सामान जलकर राख हो चुके हैं।

जानकारी के मुताबिक मृतक खुशी डालमिया 2 दिन पूर्व ही सीए की परीक्षा देकर कोलकाता से वापस अपने घर आई थी। परीक्षा सम्पन्न होने के बाद पूरे परिवार में खुशी का माहौल था। कल रात परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ बैठ कर खाना खाया और फिर हंसते - खेलते हुए सो गए, लेकिन उन्हें क्या पता था कि यह रात संगीता डालमिया ओर खुशी डालमिया की अंतिम रात है। इस घटना में जहां लाखों का नुकसान हुआ है वहीं परिवार ने 2 सदस्यों को भी खो दिया है। इस घटना ने पूरे शहर के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार के सदस्यों का रो - रो कर बुरा हाल है। वहीं, आग लगने का कारण 'शॉर्ट सर्किट' बताया जा रहा है।

# कोयला लदे 14 चक्का ट्रक ने बच्चे को कुचला, मौत

### उग्र ग्रामीणों ने किया सड़क जाम,ट्रक चालक की जमकर की पिटाई



**संवाददाता**

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के बोड़ा मोड़ इलाके में आज तड़के 14 चक्का कोयला लदे ट्रक की चपेट में आने से 10 वर्षीय बालक प्रीतम कुमार पिता नवलेश मांझी (10 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बिहार राज्य के गया जिला अंतर्गत गेरूआ थाना क्षेत्र के भड़ौंदा गांव का रहने वाला था। मृत बालक इमामगंज थाना क्षेत्र के मुनिया गांव से हंटरगंज थाना क्षेत्र के बोड़ा मोड़ में जोगेंद्र भारती के यहां शादी समारोह में शामिल होने आया था। घटना के बाद उग्र ग्रामीणों और परिजनो ने मुआवजा की मांग को लेकर चतरा गया मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और ट्रक चालक अनुज कुमार सिंह की जमकर धुनाई कर दी। जाम दो घंटे तक लगा रहा। जाम से आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। कई स्कूल वाहन और यात्री वाहन जाम में फंसे रहे। घटना की सूचना पाते ही मौके पर हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार, अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, प्रतापपुर अंचल के पुलिस इंस्पेक्टर अमरजीत कुमार और वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी सुनील कुमार पहुंचें। इस बीच हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने निजी मद से मृतक के परिजनो को तत्काल सहायता के रूप में 5 हजार रु दिए। साथ ही सरकारी प्रावधानों के तहत मुआवजा का आश्वासन दिया। पदाधिकारियों के समझाने के बाद ग्रामीणों ने जाम हटा लिया। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि मृत बालक थाना क्षेत्र के बोड़ा मोड़ में जोगेंद्र भारती के यहां बारात में आया था। बताया कि आज तड़के 8 बजे बारात की विदाई हो रही थीं। सड़क के दूसरी ओर बाराती गाड़ी खड़ी थी। बालक बाराती गाड़ी की ओर जाने के लिए सड़क क्रास कर रहा था। इसी बीच पिपरवार की ओर से कोयला लेकर बिहार की ओर जा रही कोयला लदे 14 चक्का ट्रक संख्या जे एच 02 बी एस 8521 ने बालक को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में मौके पर ही बालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं घायल ट्रक चालक की स्थानीय अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

## पोप फ्रांसिस का निधन, 88 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

**वेटिकन सिटी :** लंबे समय से बीमार चल रहे रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस का निधन हो गया है। सोमवार को वेटिकन चर्च की तरफ से जारी वीडियो बयान में यह जानकारी दी गई है। उन्होंने



88 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वेटिकन की तरफ से टेलीग्राम चैनल पर संदेश जारी किया गया। इसमें कार्डिनल केविन फैरल ने कहा, 'आज सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर रोम के बिशप फादर के घर पर लौट गए।' फैरल वेटिकन कैमरलेंगो हैं। कैमरलेंगो की पदवी उन कार्डिनल या उच्चस्तरीय पादरी को दी जाती है जो पोप के निधन या उनके इस्तीफे की घोषणा के लिए अधिकृत होते हैं। खास बात है कि ईस्टर संडे पर ही पोप फ्रांसिस ने लोगों को संबोधित किया था। उस दौरान उन्होंने विचारों की आजादी और सहिष्णुता पर बात की थी। पोप फ्रांसिस ने लोगों को ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए कहा था, 'भाइयो और बहनों, ईस्टर की शुभकामनाएं!' उनकी आवाज पहले की तुलना में अधिक प्रभावशाली प्रतीत हो रही थी। पोप फ्रांसिस ने पियाजा में ईस्टर की प्रार्थना में हिस्सा नहीं लिया बल्कि इसे सेंट पीटर्स बेसिलिका के सेवानिवृत्त कार्डिनल एंजेलो कोमास्ट्री को सौंप दिया। लेकिन प्रार्थना समाप्त होने के बाद, फ्रांसिस बेसिलिका के प्रवेश द्वार के ऊपर स्थित लॉजिया बालकनी पर दिखाई दिए। नीचे मौजूद हजारों लोगों ने खुशी का इजहार किया, जब सैन्य बैंड ने होली सी और इतालवी राष्ट्रगान की धुन बजाई। फ्रांसिस ने बालकनी से हाथ हिलाया और फिर एक सहयोगी से अपना भाषण पढ़ने को कहा।


जन शिकायतों का हो समाधान, सरकार कर रही सर्वजन की राह आसान

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा झारखण्ड के सभी जिलों के लिए जनहित में लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (PGMS), कॉल सेंटर के माध्यम से लागू की गई है।

- PHH/AAY कार्ड बनवाने एवं नाम जुड़वाने से संबंधित
- सफेद कार्ड बनवाने, नाम जुड़वाने एवं रद्द करवाने से संबंधित
- ग्रीन कार्ड बनवाने, नाम जुड़वाने एवं रद्द करवाने से संबंधित
- राशन कार्ड की प्रविष्टियों में सुधार से संबंधित
- PHH/AAY राशन कार्ड रद्द करने से संबंधित
- धोती साड़ी योजना से संबंधित
- दाल-भात योजना से संबंधित
- नमक वितरण योजना से संबंधित
- चीनी वितरण योजना से संबंधित
- चना दाल वितरण योजना से संबंधित
- एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना (ONORC) से संबंधित
- धान अधिप्राप्ति योजना से संबंधित
- पदाधिकारी के विरुद्ध शिकायत
- डीलर के विरुद्ध शिकायत
- DSD ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध शिकायत
- डीलर द्वारा दर्ज की गई शिकायत
- राशन कार्डधारी को कम राशन मिलने से संबंधित
- राशन कार्ड धारी को राशन नहीं मिलने से संबंधित
- राशन कार्डविहीन अन्न का अभाव से संबंधित
- विभागीय NIC/आहार पोर्टल से संबंधित
- बायोमेट्रिक मशीन (e-pos) से संबंधित
- राशन उठाव हो जाने पर मोबाइल में SMS नहीं आने से संबंधित
- E-KYC से संबंधित
- खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले से संबंधित अन्य शिकायतें

PR- 350448 (Directorate of Food and Consumer Affairs) 25-26

राज्य के नागरिक उपरोक्त विषयों के संबंध में निम्न माध्यमों एवं निम्न नंबरों पर सोमवार से शनिवार (10am to 5pm) तक सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

1967 & 1800-212-5512

pgms.dfcajharkhand.in

+91-896-958-3111

pgms@dfcajharkhand.in



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार


# पुलिस वाले को पसंद नहीं आई जुराबें तो करने लगे मारपीट और गाली- गलौज

**गोड्डा :** जिले से पुलिस की छवि को धूमिल करने वाला एक मामला सामने आया है। नगर थाना क्षेत्र में खाकी वर्दी पहने दो पुलिस जवानों ने महज मौजे की डिजाइन पसंद न आने पर कपड़े की दुकान में घुसकर दुकानदार और स्टाफ के साथ मारपीट, गाली-गलौज और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे पुलिस की छवि पर सवाल खड़े हो गए हैं।

**वीडियो में क्या दिखा?**

घटना नगर थाना क्षेत्र की एक कपड़े की दुकान की है, जहां दो पुलिस जवान सादी वर्दी में पहुंचे और मौजे की डिजाइन देखने लगे। जब डिजाइन पसंद नहीं आई, तो गुस्से में आकर दोनों जवान दुकानदार और स्टाफ पर भड़क उठे। इसके बाद मारपीट और गालियों की बौछार शुरू हो गई। इतना ही नहीं, जवानों ने एक युवक को पकड़कर थाने की हाजत में बंद भी कर दिया। पूरी घटना दुकान के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, और इसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर जंगल की आग की तरह फैल गया। लोग खाकी वर्दी के इस दुरुपयोग पर आक्रोश जता रहे हैं।

**एसपी ने दोनों को किया निलंबित**

एसपी ने लिया संज्ञान, दोनों पुलिसकर्मी निलंबितः जैसे ही यह मामला गोड्डा के पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी तक पहुंचा, उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि, खाकी वर्दी पहनना जिम्मेदारी और अनुशासन की मांग करता है। कानून के रक्षक खुद कानून का उल्लंघन करेंगे तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गोड्डा चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि व्यापारियों को धमकाना, मारपीट करना और पुलिसिया रौब दिखाना बेहद निंदनीय है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई और पारदर्शिता की मांग की।

## न्यूज ब्रीफ

### कोल वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

**चतराः** जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के बाबा पेट्रोल पंप के समीप कोयला लदे हाईवा की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान सिमरिया थाना क्षेत्र के पगार गांव निवासी चरितर राम के पुत्र सुनील कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि सुनील अपने चाचा के यहां शादी में भाग लेने जा रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल का पेट्रोल समाप्त हो गया। पैट्रोल लेने के लिए वह जा रहा था, इसी दौरान हाईवा ने उसे चपेट में ले लिया। वहीं दूसरी ओर मुरवे स्थित गिरिजा होटल के समीप साउंड लदा बाराती गाड़ी अल्बेस्टर के मकान में जा घुसा। इस भीषण हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुवे पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। घटना के बाद परिजनों को रो रो का बुरा हाल है।

### डीजे वाहन दुर्घटनाग्रस्त, आधा दर्जन लोग घायल



**गिरिडीह :** जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है जिसमें आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इनमें 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। घायलों में 4 लोगों की हालत गंभीर घटना जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के धावाटांड़ के पास हुई। बताया जा रहा है कि आधा दर्जन लोग डीजे वाहन में सवार होकर यहां देवघर बारात गए थे। इस दौरान कतरास लौटने के दौरान डीजे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे डीजे वाहन में सवार सभी लोग घायल हो गए। सभी घायलों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को धनबाद रेफर कर दिया गया है। घायलों में 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायल धनबाद जिले के कतरास पंचगढ़ी के रहने वाले बताए जा रहे हैं

### न्यायालय और डीसी के आदेश की अवहेलना कर रहे बीडीओ

**चतराः** जिले के विभिन्न प्रखंडों में पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी न्यायालय और डीसी के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं। यही वजह है कि न्यायालय आदेश दे अथवा डीसी। इनके सेहत पर इसका कोई असर नहीं पड़ता। इसका नमूना उपायुक्त कार्यालय के पत्रांक 073/जि0प0, दिनांक 16/2/2024,एवं पत्रांक 220/जि0प0 दिनांक 18/2/2024, पत्रांक 245/जि0प0,दिनांक 2/7/2024 तथा माननीय उच्च न्यायालय रांची का वाद संख्या 5360/2024 के आलोक में आदेश पारित करते हुवे सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को वैसे पंचायत सचिव या सेवानिवृत्त पंचायत सचिव जो अधतन सेवा पुस्तिका का संकलन करते हुवे दो दिनों के अंदर कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया था। जिसमें 3 वर्ष की गोपनीय अभियुक्ति एवं संलग्न विहिप प्रपत्र जमा करने का निर्देश था। परन्तु एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आदेश का अनुपालन नहीं किया जा सका। ज्ञात हो कि पंचायत सचिवों को एसीपी, एमएसीपी का लाभ देने का आदेश न्यायालय ने 6 सप्ताह के अंदर भुगतान करने का निर्देश दिया था। इसी आदेश के आलोक में उपायुक्त के पत्रांक :- स्था0 (पं0स0) 09/2020/02(जि0प0)चतरा, दिनांक 01/01/2025 के आलोक में यह आदेश पारित किया। बावजूद प्रखंड विकास पदाधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि बीडीओ डीसी के साथ साथ न्यायालय के आदेश को भी जेब मे लेकर चलते हैं।

### कुमार सुरजीत ने जेईई मेंस में मारी बाजी



**चतराः** शहर के अव्वल मोहल्ला निवासी शिक्षक सुनील सिंह के पुत्र कुमार सुरजीत ने पहले ही प्रयास में जेईई मेंस में 99.83 पर्सेंटाइल हासिल कर पूरे जिला का नाम रौशन किया है। इसमें 2700 सीआर एल,246 सीटीजी रैंक प्राप्त किया है। बताते चले कुमार सुरजीत 2022 में अपने इंदुमती टिबड़ेवाल विद्यालय के बोर्ड टॉपर भी रह चुके है।पहली बार में सफलता मिलने पर भी अति उत्साह न दिखाते हुए सुरजीत कहते हैं सपने बहुत हैं, लेकिन अभी हर कदम फूंक-फूंक कर रखना है। जेईई मेन के बाद अब फोकस अगले माह होने वाले परीक्षा आईआईटी पर है। उसके बाद जेईई एडवांस की परीक्षा 17 मई को है।उनके पिता सुनील कुमार सिंह स्थानीय इंदुमति टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय के वरीय शिक्षक है और माता गृहिणी है।उनके इस सफलता से परिवार के सभी सदस्यों ने कुमार सुरजीत के सफलता पर ढेर सारी शुभकामनाएं दी है।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ बूटी रोड से चोर हुआ गिरफ्तार

**रांची :** सदर थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ शिवम कुमार को गिरफ्तार किया। वह बूटी रोड के पीएचईडी कॉलोनी का रहने वाला है और मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त है। उसे पिछले 13 अप्रैल को चोरी गई मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया था। मामले में मोटरसाइकिल के मालिक की ओर से अज्ञात के विरूद्ध चोरी का केस दर्ज कराया गया था। छानबीन में पुलिस को यह जानकारी मिली कि शिवम कुमार ने बाइक की चोरी की थी। इसके बाद उसे पकड़ा गया। पूछताछ में उससे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने आगे की कार्रवाई की और मोटरसाइकिल को बरामद किया। आरोपी को रविवार को जेल भेज दिया गया।

### अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में लॉ यूनिवर्सिटी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन


**रांची :** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल), रांची के तीन विद्यार्थियों ने हांगकांग एसएआर, चीन में आयोजित 22वें विलेम सी विस ईस्ट इंटरनेशनल कमर्शियल आर्बिट्रेशन मूट, में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार जीता। एनयूएसआरएल, रांची की ओर से इस मूट कोर्ट प्रतियोगिता में शामिल हुई एनयूएसआरएल, रांची की टीम में- इंतिसार असलम, जैनब उल कुबरा और अता उर रहमान, शामिल थे। उन्हें प्रतिवादी के लिए सर्वश्रेष्ठ ज्ञापन के लिए- फली नरीमन पुरस्कार के लिए सम्माननीय उल्लेख से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, जैनब उल कुबरा को सर्वश्रेष्ठ मौखिक अधिवक्ता के लिए नील कपलान पुरस्कार के लिए सम्माननीय उल्लेख मिला।

# करणी सेना के नेता की हत्या खेत में मिला शव, फैली सनसनी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम( जमशेदपुर) के एमजीएम थाना क्षेत्र अंतर्गत बालीगुमा में करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विनय सिंह की रविवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनका शव एक खेत में मिला है। घटनास्थल से देशी पिस्तौल और शराब की बोतलें बरामद हुई हैं। हत्या की खबर फैलते ही क्षत्रिय समाज और करणी सेना से जुड़े लोग आक्रोशित हो गए। लोगों ने डिमना चौक को जाम कर दिया। इस प्रदर्शन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-33 पूरी तरह से ठप हो गया और यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, रविवार दिन में विनय सिंह के परिजनों ने एमजीएम थाना प्रभारी को सूचना दी थी कि वह लापता हैं और उनका मोबाइल बंद आ रहा है। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर उनकी खोजबीन शुरू की। खोजबीन के दौरान बालीगुमा से कुछ आगे एक खेत में उनका शव बरामद हुआ। शव के पास एक देशी पिस्तौल, शराब की बोतलें ,उनका वाहन और कुछ अन्य संदिग्ध सामान मिला। इससे यह स्पष्ट होता है कि हत्या की साजिश कहीं और रची गई । हालांकि पुलिस खुदकुशी के एंगल पर भी जांच कर रही है।

घटनास्थल का चयन, और विनय सिंह जैसे प्रभावशाली व्यक्ति का खेत में पहुंचना यह सब पुलिस के लिए अनुसंधान का विषय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। वहीं, हत्या की सूचना फैलते ही करणी सेना, क्षत्रिय समाज और अन्य समुदायों के लोग सड़क पर उतर आए। उन्होंने डिमना चौक पर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया और हत्या में शामिल आरोपितों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। इस



विरोध प्रदर्शन के कारण एनएच -33 पर लंबा जाम लग गया जिससे यात्रियों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। रात लगभग एक बजे पुलिस अधिकारियों के समझाने और अपराधियों के जल्द पकड़ने का अश्वासन देने पर जाम हटा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दो डीएसपी सहित कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और घटनास्थल से बरामद सबूतों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की तह तक जाने के लिए तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही इस रहस्यमयी हत्या का खुलासा कर लिया जाएगा।

## प्रतापपुर में चिकन पॉक्स से गांव के दर्जन भर बच्चे प्रभावित

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा :** बे मौसम बरसात ने मौसम का मिजाज बदल दिया है,बदलते मौसम के साथ गांवो में संक्रमित बीमारियो ने भी दस्तक दी है।छोटी माता के नाम से जानी जाने वाली बीमारी के पनपने से आदिम जनजाति व बैगा बिरहोर जाति के परिवारों में इस बीमारी ने खलबली मचा दी है। ये पूरा मामला जिले प्रतापपुर थाना क्षेत्र के भूगड़ा गांव से जुड़ा है। जहां आधा दर्जन से अधिक चिकन पॉक्स ( छोटी माता) मरीज बच्चे मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग के कान खड़े हो गए हैं। वही गांव में एक साथ दर्जन भर से ज्यादा बच्चो के पीड़ित होने की सूचना मिलने पर तत्काल जिला चिकित्सक प्रभारी



ने दावा किया है कि अपनी टीम के साथ गांव में जाकर पीड़ित लोगों की जांच कर मरीज बच्चो का इलाज करेंगे। साथ ही संक्रमितो पर नजर बनाए हुए है। छोटी माता (चिकन पॉक्स) एक वायरल संक्रमण व अत्यधिक संक्रामक बीमारी है यह बीमारी वेरिसला-जोस्टर नामक वायरस के कारण होती है।

### सत्संग के बिना मनुष्य का विवेक जाग्रत नहीं होता : प्रसन्नाचार्य

**रांची :** यज्ञा बाबा आश्रम, मोरहाबादी के दुर्गा मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्री मद्भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ में रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वहीं, शाम में दूसरे दिन की भागवत कथा में गया पीठाधीश्वर स्वामी वेंकटेश प्रसन्नाचार्य ने मधुर संगीतमय भागवत कथा सुनाकर भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि बिना सत्संग के मनुष्य के विवेक की जागृति नहीं होती। उन्होंने भक्तों को भागवत कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि हमें भगवान का पूजन सदैव करते रहना चाहिए। क्योंकि मानव जीवन बड़े भाग्य से मिलता है। कथा की समाप्ति के बाद भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

### विस्थापित ग्रामीणों की बैठक में रोजगार सहित कई ज्वलंत समस्याओं पर हुई चर्चा

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव के इमली पेड़ के समीप रविवार को क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता महेन्द्र गंझु और सचांलन महेश गंझु ने किया।बैठक मे मुख्य रूप से विस्थापितो के रोजगार, रोड सेल,कोयला आवांटन बढ़ाने,ठेका प्रथा सहित विस्थापित ग्रामीणों की कई ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीणों ने सीसीएल कंपनी को कोयला खनन के लिए अपनी जमीन देकर विस्थापित हुए हैं।लेकिन आज भी कई विस्थापित ग्रामीणों का उनका हक और अधिकार नहीं मिला है। रोजगार के अभाव में विस्थापित ग्रामीण यहां से पलायन करने को मजबूर हैं। वक्ताओं ने कहा कि यहां कई निजी कंपनियां संचालित है, लेकिन स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों को रोजगार से वंचित रखा गया है,जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।बैठक में सर्वसम्मति से विस्थापित ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को विस्थापितों की समस्या से अवगत कराने का निर्णय लिया गया,साथ ही समस्याओं का समाधान नहीं होने पर विस्थापित ग्रामीणों द्वारा जोरदार आंदोलन करने की चेतावनी दी गई। वहीं बैठक में सभी विस्थापित ग्रामीणों से एकजुट रहने का आह्वान किया गया।बैठक मे अर्जुन गंझु,महेन्द्र गंझु,सुखी गंझु, आशिक अली,सकील अंसारी,बिजय महतो, परमेश्वर गंझु,बालेश्वर गंझु,रामबालक गंझु,रचित गंझु,प्रेम ठाकुर,दिलिप गंझु, नागेश्वर गंझु सहित काफी संख्या में विस्थापित ग्रामीण मौजूद थे।

## पैसों के लिए मिस्त्री से मारपीट, जांच में जुटी पुलिस

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**लोहरदगाः** जिले के कैरो थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक परियोजना स्थल पर पहुंचकर एक राजमिस्त्री की पिटाई कर दी। अपराधियों ने उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया। साथ ही परियोजना स्थल पर रखी मशीनों को जलाने की धमकी दी। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दरअसल, कैरो थाना क्षेत्र के झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय स्थित नंदिनी नदी पर पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। पीड़ित के मुताबिक अपराधियों ने उसके मोबाइल से 1800 रुपये ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित मोहम्मद वसीम ने बताया कि वह रात में सो रहा था, तभी उसके पास एक कॉल आया जिसमें उसे बाहर आने को कहा गया। जिसके बाद जब वह बाहर आया तो देखा कि बाहर 5-6 हथियारबंद लोग खड़े थे।

उसने बताया कि उन लोगों ने उसे सड़क की तरफ आने को कहा। जब उसने मना किया तो उसे जबरन सड़क पर ले गए। अपराधियों ने उसका मोबाइल छीन लिया और उसमें से पैसे ट्रांसफर कर लिए। साथ ही अपराधियों ने पुल निर्माण में इस्तेमाल होने वाली मशीन और अन्य सामान को जलाने की भी धमकी दी।

हालांकि, मिस्त्री ने अपराधियों द्वारा योजना बंद करने के नाम पर किसी भी तरह की रकम मांगने की बात से इनकार किया है। लेकिन अपराधियों ने कर्मी के साथ मारपीट की है। घटना की सूचना कैरो थाने को दे दी गई है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### मानवता के लिए अनुकरणीय है दादीजी की जीवन : अभय नंदन

**रांची :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख प्रशासिका दादी रतन मोहिनी की स्मृति में चौधरी बगान, हरमू रोड में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शतायु राजयोगिनी मोहिनी को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। अतिथि झारखंड सरकार के संयुक्त सचिव अभय नंदन अंबष्ट ने कहा कि दादी ने अपना संपूर्ण जीवन तपस्या और मानव सेवा को समर्पित कर दिया। उन्होंने अध्यात्म का मार्ग प्रशस्त किया। उनका जीवन संपूर्ण मानवता के लिए अनुकरणीय है। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि ब्रह्माकुमारियों की प्रमुख प्रशासिका दादी रतन मोहिनी ने अथक आध्यात्मिक सेवा के जीवन के बाद 101 वर्ष की आयु में अपने शरीर का त्याग किया। उनकी दिव्य उपस्थिति और शुद्ध कंपन आध्यात्मिक पथ को रौशन करते रहेंगे। इससे लाखों लोगों का मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

## ठनका गिरने से एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सोनाहातू :** थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर ठनका गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई है जबकि चार गंभीर रूप से घायल है। घटना रविवार साढ़े चार से पांच बजे के बीच की बताई जा रही है। थाना क्षेत्र के जरोदा - सायाटांड़ सड़क किनारे झोपड़ीनुमा घर में आयुर्वेदिक दवा बेचने वाले 65 बर्षीय रघुनाथ सिंह मुंडा की मौत ठनका गिरने से हुई है। मृतक रघुनाथ सिंह मुंडा मूलरूप से सिल्ली के तुईंकू गांव के रहने वाले थे। बहुत दिन पहले से यहां झोपड़ी बनाकर रहते थे और आयुर्वेदिक दवा बेचते थे। इस दौरान इनकी झोपडी में बारिश ओर व्रजपात से बचने के लिए रुकने वाले तमाड़ के चाड़ुवाडीह निवासी 50 बर्षीय परेश अहीर और लांदुपडीह गांव की 32 बर्षीय कृष्णवती देवी भी ठनका गिरने से झुलस गई ।हांलाकि,इलाज के बाद दोनों ठीक है। इधर घटना की सूचना पर सोनाहातू पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के ओडेदारू गांव की है। खपरैल घर में ठनका गिरने से 18 वर्षीय सुकरमनी कुमारी गंभीर रूप से घायल हुई है।युवती के इलाज सीएचसी सोनाहातू में करने के बाद रिम्स रेफर किया गया है। तीसरी घटना बारेन्दा चौक में हुआ है। वारिश और बज्रपात से बचने के लिए एक युवक झोपड़ीनुमा घर में शरण लिया था,अचानक तेज आवाज के साथ घर में ही ठनका गिरा जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। लोगों ने तत्काल इलाज के लिए सिंगपुर अस्पताल मुरी भेजा। इलाज के बाद खतरे से बाहर है। 30 वर्षीय युवक युवराज महतो जुड़गा- लोवाडीह का है जो टाटीसिलवे से घर वापस आ रहा था।

### हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सात मई से

**तोरपा :** झटनीटोली गांव में हनुमान जी का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। 22 जनवरी 2024 जिस दिन अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हुआ था, उसी दिन यहां के ग्रामीणों ने पूरे उत्साह के साथ मंदिर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था। आपसी सहयोग से मंदिर का निर्माण कराया गया है। नवनिर्मित हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह सात से नौ मई तक मनाया जाएगा। मंदिर समिति की ओर से बताया गया कि सात मई को सुबह छह बजे मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। दूसरे दिन आठ मई को प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान, मंदिर स्थापना पूजन व अखंड हरि कीर्तन का आयोजन होगा। तीसरे दिन नौ मई को अखंड कीर्तन का समापन, प्रसाद वितरण व रात्रि में जागरण का कार्यक्रम होगा। बजरंग बलि पूजा समिति ने प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में सभी धर्मप्रेमियों को आमंत्रित किया है।

## सोनेट प्रीमियर लीग : चौथे दिन थंडर्स और अवेंजर्स जीते







**मेट्रो रेज संवाददाता**


**रांची :** सोनेट प्रीमियर लीग के चौथे दिन दो मैच खेले गये। जिसमें सोनेट थंडर्स और सोनेट अवेंजर्स की टीम ने अपने-अपने मैच जीत के पूरे अंक अर्जित किये। पहले मैच में थंडर्स की टीम ने स्ट्राइकर की टीम को 25 रनों से हराया वही अवेंजर्स की टीम ने वॉरियर्स को 60 रनों से पराजित किया । थंडर्स की इस जीत में विशाल के 56 और पंकज के 53 रन उल्लेखनीय रहे । अभिषेक को तीन और नवनीत झा को दो विकेट मिले। जवाबी पारी में स्ट्राइकर की टीम 136 रन बनाकर आउट हो गई । नवनीत ने 38 और नीतीश ने 22 रनों का योगदान किया रितिक आनंद ने 27 रन देकर 4 विकेट लिए । दूसरे मैच में अवेंजर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 169 रन बनाएं जिसमें राजीव ने 43 मनीष ने 35 और हिमांशु ने 33 रनों का योगदान किया राज को तीन विकेट मिले वॉरियर्स टीम 109 रन बनाकर ऑल आउट हो गए। जिसमें कमल किशोर ने 23 आशुतोष ने 16 रन बनाए सचिन तिवारी ने 39 रन के तीन आयुष और आदित्य राज को दो-दो विकेट मिले अवेंजर्स के सचिन तिवारी और थंडर के ऋतिक आनंद को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

## बार्सिलोना के गैवा म्यूजियम ऑफ माइंस पहुंचे मुख्यमंत्री

# प्राचीन खनन तकनीक और नवपाषाण युग के अवशेषों के बारे में जाना, आज जायेंगे स्पेन

संवाददाता

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में एक टीम विदेश दौरे पर है। टीम अपने पहले पड़ाव पर बार्सिलोना पहुंची। यहां के गैवा म्यूजियम ऑफ माइंस को देखा। मुख्यमंत्री और उनके साथ गये प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कैटेलोनिया के सांस्कृतिक विभाग द्वारा संचालित गैवा म्यूजियम ऑफ माइंस में प्राचीन खनन तकनीक और नवपाषाण युग के अवशेषों के बारे में जाना। इसी दौरान पुरानी खदानों को शिक्षा और विज्ञान के लिए फिर से उपयोग में लाने के बारे में भी टीम को जानकारी दी गयी।



हेमंत सोरेन ने बार्सिलोना में सागरदा फैमिलाया का किया दौराः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को बार्सिलोना में प्रतिष्ठित सागरदा फैमिलिया का दौरा किया। इस मौके पर एंटोनी गौडी की दूरदर्शी वास्तुकला और उसके सांस्कृतिक महत्व की जानकारी ली। सीएम के साथ उनकी पत्नी और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, झारखंड सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी, सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

प्रतिनिधिमंडल के साथ आज मैड्रिड पहुंचेंगे हेमंत सोरेनः मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल सोमवार 21 अप्रैल को मैड्रिड पहुंचेगा। वहां स्पेन की प्रमुख कंपनियों प्रतिनिधियों से मुलाकात होगी। 22 अप्रैल को मैड्रिड में ही सीएम माइनिंग और स्टील सेक्टर की कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। अपनी बार्सिलोना यात्रा के दौरान हेमंत सोरेन ने यूरोपीय देशों के लोगों को सोशल मीडिया साइट एक्स पर ईस्टर की बधाई दी।

## मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया रक्तदान शिविर, 29 यूनिट रक्त संग्रह




संवाददाता

**रांचीः** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने रविवार को भारतीय युवक संघ दुर्गा मंदिर बकरी बाजार परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 29 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर नागरमल मोदी सेवा सदन के ब्लड बैंक टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। मौके पर प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विशाल पाडिया, मंडलीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, प्रांतीय सहायक मंत्री विकास अग्रवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विकास झाझरिया, प्रांतीय रक्तदान संयोजक पिंकेश खंडेलवाल व रांची शाखा के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, अमित चौधरी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल व प्रवीण अग्रवाल थे।

# श्री राधा-कृष्ण सेवा धाम मंदिर में हुआ 203वें अन्नपूर्णा महाप्रसाद का आयोजन

मेट्रो रेज

**रांचीः** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 203वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। श्री कृष्णा प्रणामी सेवा धाम के सदस्यों एवं उनके परिवार के सौजन्य से आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एव भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद में खिचड़ी भोग का विधिवत भोग पुजारी बिनोद कुमार तिवारी द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात्य मंदिर परिसर में ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा भजन संकीर्तन किया गया। ट्रस्ट के भजन गायको ने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। पूरा वातावरण को वृंदावन एवं कृष्णमय बना दिया। तत्पश्चात महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन कीर्तन में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। तथा भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे तीन हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, मनोज चौधरी, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, निर्मल जालान, नंदकिशोर चौधरी, सुरेश भगत, सुनील पोद्दार, संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, विष्णु सोनी, पवन पोद्दार,चिरंजीवी लाल खंडेलवाल,विशाल जालान,विधा देवी अग्रवाल, रेखा पोद्दार, आशा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।



## लिव इन में रहने वाली युवती ने लगायी फांसी

**रांची :** पंडरा ओपी क्षेत्र के बनहौरा, रंका टोली में किराये के मकान में लिव इन में रहने वाली युवती ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में युवती के ब्वॉयफ्रेंड ने पंडरा पुलिस को जानकारी दी है। वह सीआरपीएफ में कार्यरत है। पंडरा पुलिस ने युवती का शव बरामद कर उसके परिजनों को सूचना दी। युवती मूल रूप से कांके के डुमरटोली की रहने वाली है। युवती का ब्वॉयफ्रेंड तीन दिन पहले रांची आया है। इस दौरान उनका विवाद हुआ था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि उसी विवाद के बाद युवती ने फांसी लगा ली। ब्वॉयफ्रेंड रातू के झिरी में रहता है। रंका टोली में रहनेवाले लोगों ने युवती के फांसी लगाने की जानकारी उसके ब्वॉयफ्रेंड को दी थी। इसके बाद वह वहां पहुंचा। उसने घर में झांककर देखा, तो युवती फंदे से लटकती मिली।

# सरकार जाति, धर्म व भाषा के आधार पर नहीं बांटती हैं योजनाएं : शिल्पी नेहा तिर्की

संवाददाता

**रांचीः** राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची जिले के बेड़ों और इटकी प्रखंड कार्यालय में लाभुकों के बीच योजनाओं का वितरण किया। कृषि मंत्री तिर्की ने कहा कि राज्य में गठबंधन की सरकार योजनाओं को जाति, धर्म व भाषा के आधार पर नाहीं बांटती है। राज्य के जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ देने और उनके आंसू पोंछने का काम करती है।



तिर्की ने कहा कि सरकार का लक्ष्य गांव घर के लोगों को मजबूत बनाना है। प्राकृतिक आपदा की मार झेल चुके लोग, सड़क दुर्घटना में अपनों को खोने वालों के परिवार को योजनाओं का लाभ देकर उन्हें मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है। तिर्की ने कहा कि सरकार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, बुजुर्गों की पेंशन, महिलाओं की मुखामंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दे रही है। बेड़ो में प्राकृतिक आपदा की मार झेलने वाले 170 लोगों को सरकारी मुआवजा दिया गया। वहीं 36 महिलाओं को सिलाई मशीन, पांच लोगों की सड़क दुर्घटना मुआवजा, तीन लोगों को पशु क्षति राशि सहित दूसरी योजनाओं का लाभ दिया गया।

वहीं इटकी प्रखंड कार्यालय परिसर में मंत्री तिर्की ने 20 महिलाओं को सिलाई मशीन, पांच लाभुकों को किसान समृद्धि योजना के तहत सौर ऊर्जा चालित पंप, 18 लाभुकों को मकान क्षति का मुआवजा सहित सड़क दुर्घटना, पानी में बने से राशि का वितरण किया। मौके पर दोनों प्रखंड के बीडीओ प्रवीण कुमार, सीओ अनीस, जिप सदस्य बेरूनिका कच्छप, प्रमुख विनीता कच्छप, जेएसएलपीएस के बीपीएम नितेश कुमार, उप प्रमुख मुद्दसिर, रमेश महली, राजन किस्पोट्टा, भानू सिंह, नवल सिंह मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### मरहबा का हज ट्रेनिंग कैंप एक मई को



**रांचीः** मरहबा ह्यूमन सोसाइटी रांची की एक बैठक अंजुमन प्लाजा स्थित अल इल्हान टूर एंड ट्रेवल्स के ऑफिस में सदर हाजी नूर अहमद की सदारत में हुई। जिसमें सचिव नेहाल अहमद ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी सोसाइटी आजमीने हज के लिए हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन दिनांक एक मई 2025 दिन जुमेरात सुबह दस बजे से मेन रोड स्थित होटल केन के बगल में पार्टी पैलेस बैंक्वेट हॉल में किया जाएगा । इस ट्रेनिंग कैंप में वैसे आजमीने हज जो इस साल हज के लिए जाने वाले हैं उन्हें झारखंड के मशहूर हज ट्रेनर हाजी कैसर आलम साहब और इमारत शरिया के काजी मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी साहब आजमीने हज को हज की बारीकियों से रूबरू कराएंगे,जहां मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी साहब हज के शरई अहकाम तमाम आजमीने हज को बताएंगे जिससे कि आजमीने हज बगैर किसी उज्र के हज के अरकान को अदा करें,वहीं हाजी कैसर आलम साहब हज के सफर को शुरू से आखिर तक के हर एक पहलू की जानकारी आजमीने हज को बताएंगे जिसमें उमरा के अरकान से लेकर हज के पांच दिनों में किए जाने वाले तमाम अरकान की जानकारी दी जाएगी।साथ ही इस कैंप में आप हज से संबंधित किसी तरह के सवाल जो आप जानना चाहते है पूछ सकते हैं। इस ट्रेनिंग कैंप में महिलाओं के लिए अलग इंतेजाम किया गया है ।सोसाइटी आप तमाम आजमीने हज जो इस साल हज को जाने वाले है से अपील करती है कि वक्त पर आने की कोशिश करे। बैठक में नायब सदर शमशाद अनवर,ज़ियाउद्दीन साबरी,नैय्यर सहाबी,हाजी शाहिद परवेज,आलम खान,अफशरुल आब्दीन,एडवोकेट जफर इकबाल,जहांगीर आलम, तलहा हैदरी,मोहम्मद शमीम,मोहम्मद जमील,मोहम्मद फारूक,परवेज अकरम,मोहम्मद फिरोज आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### माता के निधन पर झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ ने किया शोक व्यक्त



**रांचीः** झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत बर्मन एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश सोनी ने झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मुरली श्याम सोनी के माता का देहांत 12 अप्रैल 2025 को हो गया था उनके माता के आत्मा के शांति के लिए पूरे झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ के प्रदेश पदाधिकारी एवं सदस्यों की ओर से कोटि-कोटि नमन एवं सत सत नमन कहते हुए उनकी आत्मा को भगवान शांति दे। यह मनोकामना हम सब स्वर्णकार समाज करते हैं ।

## श्री यज्ञा बाबा मूर्ति अनावरण व उमड़ रही भक्तों की भीड़

# सत्संग से भक्तिमय भावना जागृत होती है : संजय सेठ

मेट्रो रेज

**रांची :** मोरहाबादी स्थित यज्ञा बाबा आश्रम के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्री यज्ञा बाबा मूर्ति अनावरण,देव प्रतिष्ठा एंव श्रीमद् भागवत कथा में भक्तों का तांता लग रहा है। मंदिर के महंत श्री भरत दास जी महाराज जी ने बताया कि दूसरे दिन आचार्य श्याम सुंदर शर्मा ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ देव स्थापन,मंडप पूजन,जला धिवास,अन्नाधिवास के साथ विधिवत पूजा अर्चना के साथ महायज्ञ की शुरूवात हुई। सभी भक्त आस्था के साथ यज्ञ में आहुतियां देकर भक्ति में विलीन हुए । साथ ही शाम में दूसरे दिन के भागवत कथा में गया पीठाधीश्वर स्वामी वेंकटेश प्रसन्नाचार्य जी महाराज जी ने मधुर संगीतमय भागवत कथा सुनाकर भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि बिना सत्संग के मनुष्य में विवेक जागृति नहीं होती है। उन्होंने भक्तो को भागवत कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि हमें भगवान की पूजन सदैव करते रहना चाहिए क्योंकि मानव जीवन बड़े भाग से मिलता है।कथा के समाप्ति के बाद भक्तो के बीच महा प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा सत्संग से भक्तिमय भावना जागृत होती है। इस महायज्ञ के मुख्य यजमान संतोष कुमार पाण्डेय व रवीना पांडेय,हर्ष कुमार व श्रुति श्रेया,अयोध्या बक्षी,अमित विक्रम और निधि शर्मा,राधे श्याम शर्मा,राकेश शर्मा व प्रिया शर्मा सपरिवार उपस्थित रहे। आज के कथा में मुख्यरूप से मंदिर के मुख्य पुजारी विकास पांडेय,आशुतोष द्विवेदी,शिव किशोर शर्मा, पंकज साहू, ऋषिकेश लाल, अमित जायसवाल, नारायण मिश्रा, सहित मंदिर समिति के महिला मंडली के अपनी सेवा दे रही ख्याति मुंजाल,इस्मिता शुक्ला,किरण सिंह, रूपम झा,प्रतिमा सिंह, सिंधु बाला,सुनीता देवी सहित कई भक्तगण उपस्थित थे।



# साहित्य नवप्रभा सम्मान से सम्मानित हुईं रांची की रचनाकार

### श्री साहित्य कुंज मंच का मना छठा वार्षिकोत्सव

मेट्रो रेज

**रांची :** राजधानी रांची के लालपुर स्थित होटल सिटी पैलेस में श्री साहित्य कुंज मंच का छठा वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राँची की दो प्रतिभावान कवयित्रियों की प्रथम एकल कृति को संस्था द्वारा साहित्य नवप्रभा सम्मान प्रदान किया गया। सिम्मी नाथ को उनकी प्रथम एकल काव्य कृति सुधा सलिला के लिए निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, प्रमोद झा एवं प्रतिभा प्रसाद कुमकुम ने स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। सम्मानित होनेवाली दूसरी रचनाकार खुशबू बरनवाल 'सीपी' की एकल काव्य कृति सीपी मुक्तावली के लिए श्यामल सुमन झा, उर्मिला सिन्हा एवं निर्मला कर्ण ने स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा प्रकाशित तीन साझा काव्य संग्रह, प्रतिनधि कविताएं भाग-2, गजल संग्रह कहकशाँ एवं झारखंड की बोलियों की मुखर दस्तावेज बहुभाषीय काव्य संग्रह अरण्य रसना एवं संस्था की आधिकारिक पत्रिका साहित्य संवाहक का लोकार्पण किया गया। इस वर्ष का सक्रियता सृजनशीलता सम्मान मधुमिता साहा को अंग वस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर प्रदान किया गया। मंच द्वारा आयोजित वार्षिक प्रतियोगिता की विजेताओं को अंग वस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनमें क्रमशः प्रथम स्थान के लिए पुष्पा सहाय 'गिन्नी' द्वितीय संगीत वर्मा एवं तृतीय चेतना यादव को सम्मानित किया गया।



वार्षिक सक्रियता सृजनशीलता सम्मान मधुमिता साहा को दिया गया। इस अवसर पर संस्था की एक और सारस्वत पहल नयी लेखिनी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नव अंकुरण सम्मान से सम्मानित किया गया। नव अंकुरण सम्मान का गौरव जिन्हें प्राप्त हुआ। क्रमशः सोनी वर्मा, रागिनी राखी, एवं संपदा ठाकुर को अंग वस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर नव अंकुरण सम्मान सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राँची के वरिष्ठ साहित्यकार एवं संस्कृति साहित्य मंच के वर्तमान अध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने किया। मुख्य अतिथि जमशेदपुर हुलास मंच के संस्थापक महाकवि श्यामल सुमन झा रहे। विशिष्ट अतिथि से मंच को गौरव प्रदान जमशेदपुर की वरिष्ठ कवियत्री एवं छंदकार प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम', राँची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जंगबहादुर पांडेय, राँची दूरदर्शन के पूर्व प्रमोद झा, पूर्व प्राचार्या, उर्मिला सिन्हा, संस्था कार्य समिति की उपाध्यक्ष निर्मला कर्ण, राजकमल विद्या मंदिर धनबाद के संस्थापक प्राचार्य वासुदेव प्रसाद, वरिष्ठ साहित्यकार, राकेश रमन 'रार', वरिष्ठ गीतकार चंद्रिका प्रसाद 'देशदीप', प्रसिद्ध गजलकार कामेश्वर प्रसाद 'कामेश'ने किया।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर आर्मी पब्लिक स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता



**रांची :** आर्मी पब्लिक स्कूल, रांची में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी रचनात्मक क्षमताओं को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता का मार्गदर्शन कला शिक्षक मोहम्मद सबीर हुसैन द्वारा किया गया, जिनकी प्रेरणा और कला के प्रति समर्पण ने बच्चों को उत्कृष्ट कलाकृति प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने पृथ्वी बचाओ , हरियाली है जीवन , और स्वच्छ पृथ्वी, सुरक्षित भविष्य जैसे विषयों पर अपने विचार रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किए। विद्यालय के विभिन्न वर्गों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी पेंटिंग के माध्यम से पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। चित्रों में जल संरक्षण, वनों की रक्षा, प्लास्टिक मुक्त जीवन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे दर्शाए गए। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई।

रंगों के माध्यम से जब संदेश दिया जाता है, तो वह सीधे दिल तक जाता ह, इस भावना को सभी ने अनुभव किया हुसैन ने कहा

विश्व पृथ्वी दिवस पर यह आयोजन न सिर्फ कला प्रदर्शन का अवसर बना, बल्कि एक जिम्मेदार और पर्यावरण प्रेमी नागरिक बनने की प्रेरणा भी बनाता है प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने कहा।

## रामगढ़ में खदान के अंदर भयानक आग, धू-धू कर जल रहा है जमीन के अंदर का कोयला

**रामगढ़ :** जिस अवैध कोयला खदान को कभी बंद किया गया था वहां आग लगने की खबर है । बताया जा रहा है कि भुचुंगडीह के बंद कोयला खदान में ये आग लगी है । जेबीकेएसएस ने इस आग की तस्वीरें साझा की हैं । गौरतबल है कि छह वर्ष पहले सीसीएल रजरप्पा से सटे भुचुंगडीह पंचायत में विभिन्न जगहों पर चल रही अवैध कोयला खदानों को रजरप्पा पुलिस व सीसीएल के सुरक्षाकर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर बंद किया गया था । माना जा रहा है कि अवैध खनन की वजह से आग लग गई ।

## एयर शो का हुआ समापन, आसमान में अद्भुत नजारा देख रोमांचित हुए झारखंडवासी

**रांची :** राजधानी रांची में भारतीय वायुसेना का एयर शो, आसमान में अद्भुत नजारा देख लोग रोमांचित हुए। रविवार होने के कारण आज एयर शो को देखने काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। आज इस एयर शो में सभी 9 सूर्यकिरण विमानों ने प्रदर्शन में भाग लिया और अपने अनूठे आसमानी करतबों से रांची वासियों को रोमांचित करते रहे। रोमांच का आलम ये था कि जब आसमान मे सूर्यकिरण विमान विभिन्न आकृतियां बनाती थी तो आर्मी ग्राउंड में मौजूद दर्शक और इस एयरशो को देखने बच्चे अपने सीटों पर खड़े होकर शोर मचाने लगते थे।

## सुविचार

**मेहनत अगर आदत बन जाए, तो सफलता ही तकदीर बन जाती है।**

## बदलेगा मनरेगा

भले ही मौजूदा केंद्रीय सरकार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा को लेकर उत्साहजनक प्रतिसाद नजर न आता हो, लेकिन बदलते वक्त में पैदा चुनौतियों में भी इसकी प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। कोरोना काल ने इस योजना की उपयोगिता को साबित किया है। देश के ग्रामीण अंचल में जहां एक ओर लाखों श्रमिकों व महिलाओं को रोजगार मिला, वहीं अन्य राज्यों के लिये होने वाले पलायन पर रोक लगी। सही मायनों में देश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिये एक उम्मीद बनकर उभरा है मनरेगा। खासकर अकुशल श्रमिकों को अपने घर के आसपास काम मिलने से लाखों घरों के चूल्हे जलते रहे हैं। लंबे समय से इस योजना के लिये धन आवंटन तथा काम के दिन व मजदूरी बढ़ाने की मांग होती रही है। जिस पर संसद की स्थायी समिति ने मोहर लगा दी है। दरअसल हाल ही में संपन्न बजट सत्र के अंतिम सप्ताह में संसदीय समिति ने मंदी की आहट व ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के चलते श्रम दिवसों की संख्या डेढ़ सौ दिन करने के साथ मजदूरी चार सौ रुपये प्रतिदिन करने की सिफारिश की है। निस्संदेह, बढ़ती महंगाई व अदृश्य बेरोजगारी दूर करने में ये बदलाव लाभकारी साबित हो सकते हैं। मौजूदा दौर में कम मजदूरी में जीवन-यापन लगातार कठिन होता जा रहा है। यदि ये बदलाव सिरे चढ़ते हैं तो योजना के सार्थक परिणाम सामने आएंगे। जिसे मूर्तरूप देने हेतु मनरेगा के लिये आवंटित धन में वृद्धि भी जरूरी है। इसमें दो राय नहीं कि मनरेगा को लेकर अनेक विसंगतियां भी सामने आई हैं। इसमें भ्रष्टाचार और फर्जी प्रमाणपत्रों के जरिये लाभ उठाने के मामले हैं। आधार कार्ड के जरिये भुगतान ऑनलाइन करने के बाद लाखों श्रमिक फर्जी पाये गए। निस्संदेह, योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता जरूरी है। लेकिन मानना चाहिए कि ग्रामीण इलाकों में कम पढ़े-लिखे लोगों व ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग न कर पाने से भी कई तरह की विसंगतियां सामने आ सकती हैं। इसमें ठेकेदारों की मनमानी व अनियमितताओं की भी भूमिका हो सकती है। दरअसल, ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्रालय की स्थायी समिति ने योजना का मूल्यांकन करके कई रचनात्मक सुझाव दिए थे। जिसमें राज्यों में मजदूरी में एकरूपता लाने तथा काम के दिन बढ़ाने के भी सुझाव शामिल थे। जिस पर अब संसद की स्थायी समिति ने मोहर लगाई है। साथ ही,नीतिगत सुधारों के लिये पारदर्शी सर्वेक्षण की बात भी कही गई है। निस्संदेह, ऐसे प्रयासों से योजना में श्रमिकों की भागीदारी बढ़ेगी। साथ ही जरूरी है कि मनरेगा के जरिये उत्पादक कार्यों को बढ़ावा दिया जाए। जिससे देश की कर्मशील आबादी में वृद्धि होगी। शायद तब देश के अस्सी करोड़ों लोगों को मुफ्त अनाज बांटने की जरूरत न होगी। लेकिन साथ ही जरूरी है कि मनरेगा के बजट आवंटन में जो ठहराव पिछले दिनों देखने में आ रहा था, उसे भी दूर किया जाए। जिसको लेकर विपक्षी कांग्रेस सत्तारूढ़ दल पर हमले बोलती रही है। कांग्रेस अपने कार्यकाल में लायी गई योजना को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये सुरक्षा कवच बताती रही है।

## जंजाल की जेलें

दरअसल, जेल बनाने का मूल मकसद देशकाल, परिस्थिति, भावनात्मक उद्वेग या आपराधिक मनोवृत्ति से अपराध की दुनिया में कदम रखने वाले लोगों में सुधार लाना ही रहा है। जिससे भटके हुए लोग समाज की मुख्यधारा से अलग रहकर आत्ममंथन कर सकें। सजा का मकसद दंड के बजाय सुधार रहा है। लेकिन भारतीय जेलें जिस हाल में हैं, उससे यह मकसद पूरा होता नजर नहीं आता। निस्संदेह, देश में जेलें संकटग्रस्त हैं। ये सभ्य नागरिकों की राह से भटके लोगों को भेड़-बकरियों की तरह भरने वाले स्थानों जैसी हैं। इस बाबत इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 कमोबेश इन्हीं स्थितियों का खुलासा करती है। वर्ष 2022 तक 4.36 लाख कैदियों के रहने हेतु बनायी गई जेलों में 5.73 लाख कैदी बंद थे। जो निर्धारित से 131 फीसदी अधिक है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक जेलों में कैदियों की संख्या 6.6 लाख तक पहुंच सकती है। जो निर्धारित 5.15 लाख की अनुमानित क्षमता से कहीं अधिक होगी। निस्संदेह, यह संकट अनुमान से कहीं अधिक गहरा है। निश्चित रूप से इसे कैदियों के मानवाधिकार का आपातकाल कहा जा सकता है। लेकिन संकट सिर्फ भीड़भाड़ का ही नहीं है। विडंबना देखिए कि पूरी जेल आबादी के लिये सिर्फ 25 मनोचिकित्सक ही हैं। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 के बाद कैदियों में मानसिक रोग दुगने आंके गए हैं। इनमें ज्यादातर वे कैदी हैं जो विचाराधीन हैं। जिनका अपराध तय नहीं हो पाया है। न्यायिक प्रक्रिया में विलंब की कीमत उन्हें चुकानी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर जेलों में चिकित्सा व्यवस्था का संकट भी उतना ही गहरा है। जेलों में चिकित्सा अधिकारियों के 43 फीसदी पद रिक्त पड़े हैं। यह व्यवस्थागत खामियों की ही तसवीर है कि देश की राजधानी में 206 कैदियों पर एक चिकित्सक नियुक्त है। यही वजह है कि उचित देखभाल के अभाव में जेलों में तमाम कैदी मानसिक व शारीरिक कष्ट झेल रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद इस गंभीर समस्या के समाधान के लिये गंभीर प्रयास नहीं हो रहे हैं। निश्चित रूप से कैदियों के हितों की अनदेखी कोई नई बात नहीं है। देश की शीर्ष अदालत अकसर दीर्घकालीन जेल नियोजन की आवश्यकता पर बल देती रही है। लेकिन शासन-प्रशासन की कार्यवाही या तो धीमी है या फिर इन समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया दशार्या जाता है। जबकि कैदियों के मानवाधिकारों के मद्देनजर इस मामले में संवेदनशील रवैया अपनाया जाना चाहिए। इस समस्या का सबसे बड़ा संकट कर्मचारियों की भारी कमी भी है। विडंबना यह है कि कुछ क्षेत्रों में तो सुधारात्मक कार्यों के लिये स्वीकृत पदों पर रिक्तियां साठ फीसदी तक पहुंच गई हैं। उदाहरण के लिये दिल्ली की जेलें 250 फीसदी से अधिक क्षमता के साथ संचालित की जा रही हैं। एक विसंगति यह भी है कि इन जेलों में वंचित समाज और हाशिये पर गए वर्गों के लोगों की संख्या अधिक है। जो न्याय प्रणाली में गहराई तक जड़ जमा चुकी असमानता को ही दशार्ती है। वहीं दूसरी ओर इस संकट से निबटने के लिये जरूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नजर आती है। जैसा कि शीर्ष अदालत बार-बार विचाराधीन कैदियों के मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने के निर्देश देती है, उस पर गंभीरता से अमल करने की जरूरत है। यदि फास्ट-ट्रैक कोर्ट और वैकल्पिक विवाद समाधान से विचाराधीन कैदियों की संख्या को कम कर दिया जाए, तो जेल व्यवस्था में बड़ा सुधार लाया जा सकता है। देश की जेलों में कैदियों की बढ़ती संख्या के अनुरूप बुनियादी ढांचे में तत्काल निवेश करने की जरूरत है। समाज के वंचित वर्गों के लिये सहज कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में भी कदम उठाने की आवश्यकता है। जेलों को लंबे समय तक सजा देने की जगह नहीं बनाया जाना चाहिए। जेल को सुधार का केंद्र बना रहना देना चाहिए। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वहां कैदियों के साथ कितना सम्मानजनक व्यवहार किया जाता है। उनकी देखभाल के प्रति कितना संवेदनशील रवैया अपनाया जाता है। यदि हम ऐसा करते हैं तो हम उन पर कोई उपकार नहीं कर रहे होते हैं, बल्कि यह उनका संवैधानिक अधिकार है।


# गंभीर चिंता का विषय है चपरासी के लिए उच्च डिग्रीधारियों के आवेदन

आखिर हमारी व्यवस्था जा कहां रही है। इससे यह भी साफ हो जाता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त चयनित नहीं होते हैं तो सवाल यह उठेगा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भी चपरासी की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सकें। वहीं किसी कारण से शिक्षा पूरी नहीं कर सकने वाले युवक दसवीं की परीक्षा ही पास कर सके हैं। चपरासी के पद के लिए योग्य हैं तो उच्च शिक्षितों, अनुभवियों के सामने उनके लिए तो चयन की संभावना लगभग शून्य की समझी जानी चाहिए।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

अब इसके लिए शिक्षा व्यवस्था को ही दोष दिया जाए, बढ़ती बेरोजगारी या फिर सरकारी नौकरी का मोह माना जाये। राजस्थान के सरकारी दफ्तरों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों में भर्ती के लिए आवेदन मांगे गये। 20 अप्रेल तक 23 लाख 65 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। मजे की बात यह है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 53,749 पदों के लिए आवेदन के लिए निर्धारित योग्यता दसवीं पास होना है, जबकि इस दसवीं पास के पद के लिए आवेदन करने वालों में बड़ी संख्या में पीएचडी, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट ही नहीं तकनीकी शिक्षा प्राप्त बीटेक और बीएड जैसी योग्यताधारी शामिल हैं। इसका मतलब यह हुआ कि आईएएस, आईपीएस, प्रोफेसर, शिक्षक या प्रदेशों की सिविल सर्विस व अन्य इसी तरह के उच्च पदों की योग्यता को पूरी करने वाले युवक भी चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन करने में किसी तरह का संकोच नहीं कर रहे। यह हालात हमारी संपूर्ण व्यवस्था को प्रश्नों के घेरों में खड़ा कर रही है।

सवाल है कि आखिर हमारी व्यवस्था जा कहां रही है। इससे यह भी साफ हो जाता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त चयनित नहीं होते हैं तो सवाल यह उठेगा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भी चपरासी की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सकें। वहीं किसी कारण से शिक्षा पूरी नहीं कर सकने वाले युवक दसवीं की परीक्षा ही पास कर सके हैं। चपरासी के पद के लिए योग्य हैं तो उच्च शिक्षितों, अनुभवियों के सामने उनके लिए तो चयन की संभावना लगभग शून्य की समझी जानी चाहिए। यदि समान योग्यता वाले आवेदन इतनी बड़ी संख्या में होते तो एक अनार सौ बीमार वाली बात तो हो जाती। फिर



सीधा-सीधा यही कहा जाता कि रोजगार के अवसर कम हैं पर उच्च अध्ययन प्राप्त युवाओं के चपरासी के पद के लिए आवेदन करना हमारी केवल शिक्षा व्यवस्था ही नहीं अपितु पूरी व्यवस्था पर ही सवाल खड़े कर रहे हैं। आखिर ऐसा क्या कारण है कि युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं मिल पा रही।

इससे यह तो साफ हो जाता है कि कहीं ना कहीं पूरी व्यवस्था में ही दोष है। एक और तो सातवें वेतन आयोग के बाद से युवाओं में सरकारी नौकरी का मोह बढ़ा है। फिर रही सही कसर हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था ने पूरी कर दी है। जब चुनावों में मुख्य मुद्दा रोजगार को लेकर उठाया जाता है। चुनावों में रोजगार या यों कहें कि बेरोजगारी एक प्रमुख मुद्दा होना चाहिए, इससे नकारा नहीं जा सकता है पर केवल सरकारी नौकरी का ही चस्मा दिखाया जाता है तो परिणाम फिर इसी तरह के आते हैं। आजादी के बाद निजी क्षेत्र ने काफी विस्तार किया है। एक समय ऐसा भी रहा है कि जब युवाओं का क्रेज निजी क्षेत्र के प्रति रहता था। निजी क्षेत्र में वेतन-भत्तों के साथ ही सुविधाओं का भी विस्तार था। ऐसा नहीं है कि आज ऐसा नहीं है। आज भी निजी क्षेत्र की अनेकों संस्थाओं में अच्छा पैकेज और सुविधाएं मिलती हैं। युवाओं को विदेश जाने तक के अवसर मिलते हैं। मेडीक्लेम व अन्य सुविधाएं भी आम है। हां परफोरमेंस और टारगेट की बात अवश्य होती है। सरकारी नौकरी के पीछे भागने का कारण एक तो सर्विस को लेकर किसी तरह का तनाव नहीं होना है। यों कहा जा सकता है कि सरकारी नौकरी में जॉब सिक्योरिटी के साथ ही सुविधाओं का अंबार और पेंशन सुविधा के साथ ही जिम्मेदारी का कहीं ना कहीं बोझ नहीं दिखाई देता है। सरकारी नौकरी में तो एक तरह का समझौता हो जाता है कि जो काम के प्रति निष्ठावान है, उसे काम से लाद दिया जाता है और जो काम के प्रति अधिक गंभीर नहीं होते हैं उन्हें कहने को तो नाकारा कह दिया जाता है। दरअसल इतना कहने भर से उन्हें काम के बोझ की मुक्ति मिल जाती है। यह तस्वीर का एक पहलू है। दूसरा एक बार सरकारी नौकरी में प्रवेश हो गया तो कोई कहने वाला तो होगा नहीं, यदि ज्यादा दिक्कत भी आती हैं तो कहीं से भी सिफारिश कराकर अपना काम चला ही लेंगे। एक बार नौकरी में प्रवेश होने के बाद ओवरएज होने तक प्रतियोगी परीक्षा के नाम पर अप्रत्यक्ष रुप से लाभ उठाया जा सकता है। इससे दो तरह की समस्या उत्पन्न होती है। एक तो वास्तव में उस योग्यताधारी के सामने नौकरी की समस्या जस की तस रह जाती है जो उस पद की योग्यता ही पूरी कर पाता है। दूसरा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी या फिर शैक्षणिक योग्यता के अनुसार पद नहीं मिलने के कारण सहानुभूति में अन्य कार्य ले लिया जाता है, जिससे दोहरा नुकसान होता है । एक तो उस पद के योग्य लोगों को नुकसान होता है तो दूसरा मूल पर का काम तो बाधित ही रहता है, क्योंकि जिस पद पर चयन हुआ है वह काम तो करना ही नहीं है। अभी कुछ समय पुरानी ही बात है। लगभग सभी जगह हालात यह है कि नगर निगमों में सफाई कर्मियों की भर्ती में अधिकांश उच्च शिक्षा प्राप्त होने या उच्च वर्ग से जुड़े होने के कारण चयनित होने के बाद उन्हें सफाई कर्मी का काम तो करना ही नहीं था और किया भी नहीं। उनकी सेवाएं आफिस में क्लर्की के रूप में ली जाने लगीं। इससे अधिकांश नगर निकायों की सफाई व्यवस्था तो प्रभावित हुई ही, साथ ही असली दावेदार तो बेरोजगार ही रह गए। रोजगार के नाम पर ऐसी भर्तियां हुईं जो बोझ बनकर रह गईं। यह वास्तविकता का एक पक्ष है। दूसरा पक्ष तो उच्च योग्यता होने के बाद भी उसके अनुसार नौकरी नहीं मिलना है। इसके लिए किसे दोष दिया जाए। सवाल यह उठता है कि बीटेक करने वाले युवक को इंजीनियरिंग का काम नहीं मिलता है तो फिर उसकी पढ़ाई का मतलब ही क्या है। सवाल यह भी है कि जिस तरह निजी क्षेत्र में नए-नए इंजीनियरिंग कॉलेज, एमबीए कालेज खोले गये और उनमें शिक्षकों की स्थिति, शैक्षणिक स्तर और गुणवत्ता पर ध्यान ही नहीं दिया गया तो केवल डिग्री से क्या होने वाला है।

समस्या इतनी साधारण नहीं है, जितनी इसे समझा जा रहा है। यह बढ़ती बेरोजगारी की समस्या नहीं, अपितु कहीं ना कहीं हमारी संपूर्ण व्यवस्था का ही दोष है। हालात का समग्रता के साथ विश्लेषण करना होगा, नहीं तो चपरासी हो या सफाई कर्मी। अपितु इनसे भी ज्यादा आवेदन आएंगे और भर्ती भी होगी, नौकरी पर भी आयेंगे, वास्तविक युवाओं के लिए रोजगार समस्या ही बना रहेगा। सरकारी खर्चा तो यों ही होता रहेगा पर जिस उद्देश्य से या जिस काम के लिए पदों को भरा जाना है, उसमें हालात नहीं बदलने वाले हैं। फिर यह कहना कि सफाईकर्मी है पर सफाई नहीं हो रही या चपरासी है पर चपरासी के काम करने वालों की कमी है तो हालात ऐसे ही रहने वाले हैं। यह समूची व्यवस्था के सामने चुनौती है और इसका समाधान खोजना ही होगा।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# गर्मी में परिंदों की प्यास बुझाना इंसानियत की परीक्षा

गर्मी अब सिर्फ तापमान नहीं रही, यह अब एक त्रासदी बन गई है, खासकर उनके लिए जिनकी आवाज न अखबार में छपती है, न टीवी पर आती है, और न ही सोशल मीडिया की ट्रेंडिंग लिस्ट में। बात हो रही है उन छोटे-छोटे परिंदों की जो इस तेज धूप, सूखी हवाओं और कंक्रीट के जंगल में चुपचाप प्यास से तड़प कर मर जाते हैं। कोई पानी डाल दे तो मैं भी चोंच भर पी लूं...यह पंक्ति अब किसी कविता की कोमल कल्पना नहीं रही, यह एक जीवित सच्चाई है।

तेज होती गर्मी, घटते जलस्रोत और बढ़ती कंक्रीट संरचनाओं के कारण पक्षियों के लिए पानी और छांव जैसी बुनियादी जरूरतें भी दुर्लभ होती जा रही हैं। परिंदे हमारी प्रकृति का अभिन्न हिस्सा हैं और अगर वे गायब हो गए तो यह धरती और भी सूनी हो जाएगी। आधुनिक समाज वातनुकूलक (ए.सी.) चलाने में सक्षम है, लेकिन पक्षियों के लिए एक कटोरा पानी रखने में असफल। हर व्यक्ति अपने स्तर पर छोटे-छोटे प्रयास करके इस स्थिति को बदल सकता है, जैसे छत या बालकनी में पानी रखना, पेड़ लगाना और बच्चों में करुणा की भावना जगाना। यह सिर्फ परिंदों के लिए नहीं, बल्कि इंसानियत के लिए भी एक परीक्षा है कि क्या हम वाकई इंसान हैं।

**प्रियंका सौरभ**

गर्मी अब सिर्फ तापमान नहीं रही, यह अब एक त्रासदी बन गई है, खासकर उनके लिए जिनकी आवाज न अखबार में छपती है, न टीवी पर आती है, और न ही सोशल मीडिया की ट्रेंडिंग लिस्ट में। बात हो रही है उन छोटे-छोटे परिंदों की जो इस तेज धूप, सूखी हवाओं और कंक्रीट के जंगल में चुपचाप प्यास से तड़प कर मर जाते हैं। कोई पानी डाल दे तो मैं भी चोंच भर पी लूं...यह पंक्ति अब किसी कविता की कोमल कल्पना नहीं रही, यह एक जीवित सच्चाई है। एक निरीह पुकार जो हर दोपहर



किसी छत पर, किसी सूखी डाल पर, किसी तपती खिड़की की जाली के पीछे से उठती है। हमने पेड़ काटे, तालाब पाटे, छज्जों को सीमेंट से बंद कर दिया और टीन की छतों से सूरज को और गर्म कर दिया। आधुनिकता के नाम पर हमने अपने घरों को एसी से ठंडा किया, लेकिन परिंदों के लिए एक घूंट पानी छोड़ना भूल गए। पक्षियों के घोंसले बनाने की जगहें कम होती जा रही हैं। अब उनके लिए न पेड़ बचे, न परछाई, न ही वह परंपरागत संस्कृति, जिसमें हर घर की मुंडेर पर मिट्टी का एक कटोरा पानी से भरा होता था। कई पर्यावरण संस्थाएं बता रही हैं कि गर्मी में पक्षियों की मृत्यु दर में लगातार वृद्धि हो रही है। खासतौर पर गोरैया, कबूतर, मैना, बुलबुल जैसे छोटे पक्षी गर्मी की दोपहर में बेहोश होकर गिर जाते हैं। यदि उन्हें समय पर पानी न मिले, तो मर भी जाते हैं। पर क्या इनकी मौतें किसी समाचार का हिस्सा बनती हैं, क्या इन पर कोई सरकारी घोषणा होती है या फिर क्या इनका कोई ₹एनजीओ सम्मेलन₹ बुलाया जाता है। दरअसल परिंदे सिर्फ आसमान की शोभा नहीं हैं, वे हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के अभिन्न अंग हैं। वे कीट नियंत्रण करते हैं, परागण में मदद करते हैं, बीज फैलाते हैं और सबसे जरूरी कि वे जीवन के संगीत को बनाए रखते हैं। अगर पक्षी गायब हो गए तो यह धरती और अधिक वीरान हो जाएगी और हम भी। हमें यह समझना होगा कि ये नन्हें जीव प्रकृति की बड़ी चेतावनियाँ लेकर आते हैं। जब वे प्यास से मर रहे हैं तो समझिए कि पानी की कमी अब हमारी ओर भी बढ़ रही है। आज जरूरत इस बात की है कि हम ह्लबर्ड फ्रेंडलीह्न समाज बनें। यह कोई बड़ा आंदोलन नहीं, सिर्फ छोटी-छोटी चीजें हैं। छत या बालकनी में एक मिट्टी का पानी भरा कटोरा रखें। पेड़ लगाएं, खासतौर पर नीम, पीपल, अमरूद जैसे देशी वृक्ष। बच्चों को परिंदों के बारे में बताएं, दया, संवेदना और जुड़ाव सिखाएं। गर्मियों में पशु-पक्षियों के लिए छाया और पानी की व्यवस्था करें। मंदिरों-मस्जिदों-गुरुद्वारों जैसे स्थलों को भी प्रेरित करें कि वे पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। यह काम किसी सरकार का इंतजार नहीं करता। यह आपके हाथ में है। हम ए.सी. चलाने के लिए हजारों की बिजली जला देंगे, लेकिन एक कटोरा पानी रखने में कंजूसी कर जाते हैं। हम स्मार्ट सिटी बनाने के लिए करोड़ों बहा देंगे, लेकिन स्मार्टनेस इतनी नहीं कि बेजुबानों के लिए भी कुछ छोड़ सकें। हमारे समाज में अब ह्यकरुणाह्न भी इंस्टाग्राम रील बन गई है सिर्फ दिखावा भर, पर असर नहीं। गाँवों में भी अब पुराने तालाब सूख रहे हैं, बावड़ियाँ टूट चुकी हैं और पशु-पक्षियों के लिए पीने का पानी अब मुश्किल हो गया है। एक समय था जब गाँव में हर कुएँ की मेड़ पर परिंदे पानी पीने आते थे। आज वही कुएँ सीमेंट से बंद कर दिए गए हैं। शहरों ने गाँवों को विकास तो दिया, लेकिन वह विकास पक्षियों के लिए विनाश बन गया।

जलवायु परिवर्तन का सबसे पहला और सीधा असर बेजुबानों पर पड़ता है। तापमान में जरा-सी वृद्धि भी इनके लिए प्राणघातक हो सकती है। इंसान तो पंखा चला लेता है, बर्फ खा लेता है, डॉक्टर के पास चला जाता है। पर चिड़िया कहां जाए, कबूतर किससे कहे कि वह प्यासा है। हम खुद को बुद्धिजीवी, संवेदनशील, शिक्षित और विकसित कहते हैं, लेकिन क्या कोई भी ऐसी सभ्यता वाकई ह्लविकसितह्न कहलाने लायक है जो अपने साथ रहने वाले जीवों को मरता देखे और फिर भी चुप रहे। हर गर्मी हमें यह सोचने का मौका देती है कि इस बार क्या हम अपने घर की छत, खिड़की, बालकनी या आंगन में एक कोना ऐसा बना सकते हैं, जहां कोई छोटा परिंदा अपनी चोंच भर पानी पी सके।

**(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं।)**

# वृंदावन के इस एक मंदिर में पूजा करने से दूर होता है कालसर्प दोष

भारत में कई ऐसे मंदिर हैं, जो किसी न किसी संकट या दोष की पूजा के लिए लाभकारी माने जाते हैं। इन्हीं में से एक मंदिर भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थल वृंदावन में मौजूद है। वैसे तो वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित कई मंदिर हैं। लेकिन वृंदावन के इस खास मंदिर में पूजा कराने से काल सर्प दोष से मुक्ति मिल जाती है। फिर कितना ही भयंकर कालसर्प दोष लगा हो या उसका प्रभाव कितना ही तीव्र क्यों न हो। वृंदावन के इस मंदिर में पूजा कराने से न सिर्फ कालसर्प दोष दूर होता है बल्कि उसका प्रभाव भी तेजी से घटना है और व्यक्ति को शुभ परिणाम मिलने लगते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको वृंदावन के इस खास मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं।

### काल सर्प दोष की पूजा

बता दें कि वृंदावन में भगवान कृष्ण के परम



भक्त गरुड़ जी का एक मंदिर है। इस मंदिर को गरुड़ गोविंद के नाम से जाना जाता है। वहीं इस मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। गरुड़ गोविंद का विशेष रूप से भगवान श्रीकृष्ण और उनके वाहन गरुड़ के प्रति श्रद्धा और प्रेम को व्यक्त करने के लिए समर्पित है। इस मंदिर में गरुड़ की एक बहुत बड़ी प्रतिष्ठित मूर्ति है गरुड़ गोविंद मंदिर में भगवान कृष्ण की मूर्ति है, जिसकी पूजा की जाती है। यह पूजा स्थल भक्तों के लिए फेमस है। हालांकि इस मंदिर के बारे में अधिकतर ब्रज लोगों को ही पता है। गरुड़ गोविंद मंदिर के बारे में बाहर के लोगों को कम जानकारी है। इस मंदिर को काल सर्प दोष की पूजा के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि जब यमुना में कालिया नाग ने अपना स्थान बनाया था। तब श्रीकृष्ण ने कालिया नाग का दमन कर यमुना से भगा दिया था। जिसके बाद श्रीकृष्ण ने गरुड़ को उस स्थान पर विराजमान रहने के लिए कहा था। जिससे कि कोई भी नाग ब्रज भूमि में प्रवेश न कर पाए। तभी से इस मंदिर में कालसर्प दोष की पूजा का विशेष महत्व है। गरुड़ मंदिर में कालसर्प दोष की पूजा करने से इसका फल जरूर मिलता है। साथ ही कालसर्प दोष भी दूर होता है और व्यक्ति को नकारात्मक प्रभावों से छुटकारा मिलता है। इस मंदिर में भगवान कृष्ण और गरुड़ की एक साथ पूजा करने से व्यक्ति के जीवन से हर संकट का नाश हो जाता है। जिस तरह श्रीकृष्ण के हर कार्य में गरुड़ सहायक बनते हैं, वैसे ही वह अपने भक्तों पर भी कृपा बनाए रखते हैं।

## सेहत

### गर्मियों में पाचन को दुरुस्त रखने के लिए क्या खाएं और क्या नहीं?

भीषण गर्मी का सितम चालू हो चुका है। अप्रैल के महीने तापमान बढ़ गया है। इस मौसम में सबसे ज्यादा डिहाइड्रेशन की शिकायत रहती है। पाचन पर भी बुरा असर रहता है। गर्मियों में उल्टा-सीधा खाने से पेट की समस्या होने लगती है। इसलिए गर्मियों में सही आहार का सेवन करना जरुरी है। आइए आपको इस लेख में बताते हैं गर्मियों के दौरान किन चीजों का सेवन करें या नहीं करें। पाचन को दुरुस्त रखने के लिए क्या खाएं और क्या नहीं?

**क्या खाएं** : – सबसे जरुरी बात है कि गर्मियों में हाइड्रेटेड रहना है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें। पानी से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। पेट को भी ठंडक मिलती है। हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए नारियल पानी, ताजे फल के रस, मौसमी के जूस जैसे हाइड्रेटिंग ड्रिंक पिएं।, गर्मी में आप हाइड्रेटेड फलों और सब्जियों का सेवन करें। ऐसे में आप तरबूज, पपीता, खीरा, ककड़ी, तोरी, लौकी वगरैह का सेवन करें। इसमें फाइबर की मात्रा सबसे अधिक होती है, जिससे आपका पाचन भी बेहतर रहेगा। इसके अलावा आप दही और छाछ का सेवन जरुर करें। क्योंकि इनमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं।

**क्या नहीं खाएं** : – गर्मियों में जितना संभव हो आप तला-भुना और अधिक मसालेदार खाना नहीं खाना चाहिए।

शराब और कैफीन का सेवन नहीं करना चाहिए, इससे आपका शरीर डिहाइड्रेट हो सकता है और कब्ज की शिकायत हो सकती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट में एक घायल

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वर्गीय गंगाविशु सिंह के 35 वर्षीय पुत्र गणेश कुमार सिंह को दो से तीन अज्ञात युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।वही घायल इलाज हेतु सदर अस्पताल आया।जहां ड्यूटी पर रहे डॉ चंदन कुमार ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया।वही घायल चंदन कुमार ने बताया की मैं सब्जी का व्यापार करता हूं वही आज दोपहर घोड़ाबाड़ी हटिया गए।जहां अपने कस्टमर से पैसे लेने थे।वही दो से तीन लोग आए और रंगदारी मांगे 50,000 मांगने लगा।वही इंकार करने पर फैट एवं पत्थर से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।वही घायल गणेश के सर पर गंभीर चोट लगी है।

### `गर्म माड़ गिरने से बच्चा झुलसा, सदर अस्पताल में भर्ती

**साहिबगंज :** बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो बाजार निवासी गुलबदन शर्मा के 3 वर्षीय पुत्र जीवन कुमार के ऊपर गर्म माड़ गिरने से झुलस गया। जहां परिजनों ने आनन -फानन में इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो ले गया। जहां ड्यूटी पर रहे चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर रहे डॉक्टर प्रशांत कुमार के देख रेख में इलाज किया जा रहा हैं। वही घायल के पिता ने बताया।की शाम के समय मेरी पत्नी माड़ पसा कर नीचे रखी थी।अचानक 3 वर्षीय जीवन कुमार खटिया से माड़ के ऊपर गिर गया और झुलस गया।वही घायल जीवन का कमर से नीचे झुलस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

### गंगा नदी में डूबने की आशंका

**साहिबगंज :** शहर के ओझा टोली घाट में पुरानी साहिबगंज निवासी संतोष तांती के 8 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार उर्फ रौनक के गंगा नदी में डूबने का लोक आशंका जाता रहे हैं। सूचना पर गंगा नदी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सत्यम की डूबने की जानकारी अन्य लोगों से ली लेकिन किसी ने उसे डूबते हुए नहीं देखा। फिर पुलिस ने सत्यम के घर जाकर मामले की जानकारी उसके परिजनों से ली और ग्रामीणों से ली। इधर गांव के एक व्यक्ति गुड्डू का कहना है कि सत्यम मेरे पीछे-पीछे गंगा स्नान करने गया था मैं अपने दो बच्चों के साथ गंगा स्नान कर रहा था। उसे दरमियां में सत्यम भी गंगा स्नान कर रहा था जब जाने लगा तो उसे भी चलने के लिए कहा सत्यम गंगा से निकलकर जाने लगा। फिर मैं अपने बच्चों के साथ घर पहुंचा लेकिन सत्यम पर ध्यान नहीं दिया कि वह मेरे पीछे आया कि नहीं आया। कुछ लड़कियों ने भी बताया कि सत्यम गंगा में नहा रहा था उसे घर जाने के लिए कहा वह गंगा से बाहर भी निकाला । फिर लड़की भी नहा कर चली गई। सत्यम के घर नहीं लौटने पर उसके परिजन चिंतित हो गए और खोजबीन करने लगे तो लोगों ने आशंका जताते हुए सत्यम की गंगा जी में डूबने की बात कही। गंगा नदी पुलिस सत्यम को ढूंढने में लगी है।

### प्रांतीय यादव महासभा की आयोजित बैठक संपन्न



**दुमका :** प्रांतीय यादव महासभा झारखंड के तहत रविवार को जरमुंडी के बजरंगबली मोड में जरमुंडी प्रखंड में संगठन विस्तार के लिए जिलाध्यक्ष शिवनारायण दर्बे के अध्यक्षता में समाज के प्रमुख लोगों की बैठक आयोजित किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय महासचिव सह संताल परगना प्रभारी डॉ अमरेंद्र कुमार यादव ने विषय प्रवेश कराते हुए बैठक के उद्देश्य के बारे में लोगों को बताया उन्होंने कहा कि समाज को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए एक संगठन की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि अहीर रेजिमेंट का गठन और देश में जाति जनगणना करने की मांग को लेकर रेजांगला में शहीद हुए यादव वीरों के लहू मिश्रित मिट्टी भरा कलश यात्रा अगले महीने दुमका जिला में प्रवेश करने वाला है। जिसका व्यापक रूप से स्वागत की तैयारी करनी है।जिला संरक्षक दिवाकर महतो ने संगठन के प्रारूप की चर्चा करते हुए लोगों से सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी के गठन का प्रस्ताव रखा, उपस्थित सभी सदस्यों ने कहा कि कि बैठक में कुछ पंचायत की उपस्थिति नहीं हो पाई है। इसपर अगले रविवार को पूरी तैयारी के साथ बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक संयोजक मंडली का गठन कर दायित्व सौंपा गया कि वह सभी पंचायत से समाज के लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे।

बिहारी यादव, प्रमुख मरीक, जयप्रकाश यादव, सोमनाथ यादव, जयकांत मंडल, पंकज यादव अधिवक्ता, संतोष यादव, श्याम सुंदर मांझी, अशोक कुमार यादव, प्रवीण कुमार यादव, अजीत कुमार यादव, नयन कुमार मंडल, छत्तीस महतो, मुकेश कुमार, आनंद यादव, पप्पू यादव, दीनानाथ यादव, रोहित यादव, प्रदीप यादव, बालिकांत यादव, वरुण कुमार यादव, मंटू प्रसाद यादव, निरंजन यादव, विजय यादव, सुरेश यादव, विजय महतो, प्रेमकांत यादव, मुंशी यादव, मुकेश कुमार राउत, प्रमोद कुमार यादव, राकेश रंजन, धनेश्वर यादव, नागेश्वर यादव, सीताराम मांझी, ललित यादव, नागेश्वर मरीक, प्रसादी यादव, ओमप्रकाश यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### भारती हॉस्पिटल में दिया गया अग्निशामक प्रशिक्षण



**दुमका :** प्रतिवर्षअग्निशामक सप्ताह दिवस 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है. रविवार को शहर के भारती अस्पताल में फायर स्टेशन दुमका के द्वारा प्रधान अग्नि चालक राजकुमार पांडेय एवं अग्नि चालक ओमप्रकाश पासवान के द्वारा भारती हॉस्पिटल की सभी सदस्यों को अग्नि सुरक्षा के संबंध में बृहत अग्निशमन प्रशिक्षण दिया गया. अस्पताल के सभी स्टाफ को आग बुझाने की जानकारी दिया गया।

### पेंशनर्स एसोसिएशन का आठ सूत्री मांगों को लेकर तीसरा द्विवार्षिक सम्मेलन

# रेलवे में रियायत टिकट देने की मांग की गई




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** पूर्व रेलवे के रिटायर्ड रेलकर्मियों के पेंशनर एसोसिएशन के द्वारा रविवार को साहिबगंज रेलवे स्टेशन के समीप मेंस यूनियन शाखा एक में तीसरा द्विवार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया।जहां इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नरसिंग साह ने की.जिसमें सर्वसम्मति से वर्ष 2025-28 के लिए संगठन के नए कार्यकारणी समिति का गठन किया।इस मौके पर कई प्रस्ताव लिए गए जिसमे सेवानिवृत रेल कर्मियों को 65 वर्ष की आयु में 5% ,70 वर्ष की आयु में 10% तथा 75 वर्ष की आयु में 15%अतिरिक्त पेंशन का भुगतान करने की मांग रखी गई।वहीं सभी रेलवे पेंशनरों को मेडिकल इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल से जोड़ने की बात कही ।उधर सभी सीनियर सिटीजन को रेलवे में रियायत टिकट देने की मांग की गई जो पहले मिला करता था। वही सभी रिटायर्ड कर्मचारियों को कम से कम 50 हजार रुपए का पेंशन दिया जाए व सभी विधवाओं को विधवा पास बिना शर्त मुहैया कराया जाए।इस मौके पर चंद्रशेखर यादव,अमर नाथ यादव,नारायण साह,हंस राज सिंह,महेश प्रसाद तांती,सुबोध कुमार पासवान,राम विलास सिंह,बी आर केवट,कशी नाथ प्रसाद,महावीर पासवान,के पी साह,नन्दलाल सोहन राम सहित कई सेवानिवृत रेलकर्मी मौजूद थे।

## श्री श्याम भक्त मंडल कार्यकारिणी समिति गठित अध्यक्ष बने रवि भगत



**साहिबगंज :** नगर परिषद क्षेत्र के भरतीया कॉलोनी पुरूषोतम गली स्थित प्रभु श्री श्याम मंदिर परिसर में शनिवार देर शाम को श्री श्याम भक्त मंडल कार्यकारिणी समिति 2025-26 का निर्वाचन के जरिए चयन किया गया।चुनाव पदाधिकारी राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव किया गया।श्री श्याम भक्त मंडल के अध्यक्ष रवि भगत उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल सचिव अंकित केजरीवाल, सह सचिव अंकित सराफ, कोषाध्यक्ष प्रिंस प्रदीप तमाखुवाला, कार्यकारिणी सदस्य मानव खुडानिया, शुभम डोकानिया, वैभव विनय, अक्षय कुमार, सुशील नताशिया,सूरज पांडे को बनाया गया है।

# सिंचाई प्रणाली का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें : उपायुक्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज:** ज़िला उपायुक्त हेमंत सती ने चानन स्थित टपक सिंचाई प्रणाली का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेतों में लगे फसलों की स्थिति का जायजा लिया और किसानों से सीधे संवाद की।उन्होंने पदाधिकारी को निर्देश दिया कि टपक सिंचाई प्रणाली का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि किसान कम पानी में अधिक उत्पादन कर सकें। जल संरक्षण की दिशा में यह तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। मौके पर मौजूद उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन ने उपायुक्त को टपक सिंचाई की



तकनीकी जानकारी दी और अब तक किए गए कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। इस अवसर पर संबंधित किसान भी उपस्थित रहे। जिन्होंने उपायुक्त से बातचीत कर अपनी अनुभव साझा किए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने किसानों को तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

# उपायुक्त ने डेयरी के समग्र कार्य पर संतोष जताया व सुधार के लिए सुझाव भी दिए

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** ज़िला उपायुक्त हेमंत सती ने मेधा डेयरी का भ्रमण कर वहां की कार्यप्रणाली का जायजा लिया।भ्रमण के दौरान उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा भी उपस्थित थे।इस दौरान उन्होंने दूध की पैकिंग प्रक्रिया, उत्पाद निर्माण, पनीर अनुभाग, दूध शीत कक्ष तथा प्रयोगशाला कक्ष समेत विभिन्न इकाइयों का अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने डेयरी में स्वच्छता, गुणवत्ता नियंत्रण और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रक्रियाओं में मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को शुद्ध



और गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पाद उपलब्ध हो सके। स्थानीय स्तर पर डेयरी उद्योग के विकास से न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी।बल्कि युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने प्रयोगशाला में दूध की जांच प्रक्रिया की जानकारी ली और उसकी दक्षता की सराहना की। इस मौके पर डेयरी प्रबंधन से जुड़े अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।जिन्होंने उपायुक्त को संचालन संबंधी जानकारी दी। निरीक्षण के अंत में उपायुक्त ने डेयरी के समग्र कार्य पर संतोष जताया और सुधार हेतु सुझाव भी दिए।

## चोरों ने अंजुमन नगर के एक घर में चोरी की घटना को दिया अंजाम

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत अंजुमन नगर निवासी मोहम्मद अकबर के घर में चोरों ने चोरी का घटना को दिया अंजाम वही पीड़ित मोहम्मद अकबर ने बताया की मै यहां भाड़े के मकान में डेढ़ साल से रहता हूं।वही इस मकान के मालिक मोहम्मद मुस्ताक जो हिमाचल प्रदेश में रहते है। वही बताया की बीते गुरुवार की सुबह हमलोग मिर्जाचौकी गए थे। मेरे ससुर का तबीयत खराब था।वही हमलोग शुक्रवार को कटवा लोकल ट्रेन से सुबह 7 बजे के लगभग घर पहुंचे तो देख की सामने दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। वही बतायाकी चोरों द्वारा घर से सिलाई मशीन,पानी का मोटर, पर्स में रखा तीन हजार रुपए,एवं मकान मालिक का दहेज का सारा सामान चोरी हो गया।वही पीड़ित ने बताया। कि मेरा लगभग बीस हजार रुपए का नुकसान हुआ है।वही मकान मालिक का लगभग पचास हजार रुपए का नुकसान हुआ है।वही पीड़ित ने बताया की अभी तक पुलिस प्रशासन की इसकी सूचना नहीं दिया गया है।

# जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की आयोजित बैठक संपन्न

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** दुमका जिला कांग्रेस कार्यालय में रविवार को दुमका जिला कांग्रेस कार्यकारणी की बैठक जिला अध्यक्ष महेशराम चंद्रवंशी के की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के निर्देश पर जिला कमेटी को साथ ही जिला के अध्यक्ष को और सशक्त बनाया जाएगा।प्रखंड कमेटी को विस्तार करने हेतु उन्होंने आवश्यक निर्देश दिया । बताया कि जिला कांग्रेस की बैठक 1 से 15 तारीख हर महीने बैठक करना है. दुमका जिला के सभी 10 प्रखंडों में 5 तारीख को बैठक की जाएगी ।जिसमें प्रखंड के प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित रहकर प्रखंड में सृजन कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे । अप्रैल से जून तक 3 महीना या 100 दिन का एक निश्चित कार्यक्रम दिया गया है । कार्यकर्ता ईमानदारी से अपने कार्य पूरा करेंगे। आने वाले दिनों में संविधान बचाओ अभियान भी




चलाई जाएगी और लोगों को जोड़ते हुए आगे एक बड़ी रैली भी की जाएगी। जिला अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी ने सभी प्रखंड अध्यक्षों प्रखंड के प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पांच तारीख को हर प्रखंड में बैठक करने और लोगों की समस्याओं को सुनने पार्टी के संगठन सृजन को आगे बढ़ाने और पार्टी के कार्यक्रमों को सही दिशा देने का आग्रह किया. माननीय राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे साहब द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाना कार्यकताओं का दायित्व है. वर्तमान परिस्थितियों में पार्टी को संगठित कर मजबूत करना और राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करना बहुत आवश्यक है. भारतीय जनता पार्टी जिस प्रकार से लगातार असंवैधानिक कानून को बना कर और संविधान को क्षति पहुंचाने का काम कर रही है. उसको रोकने के लिए कांग्रेस का संगठित होना और लोगों को जोड़ना आवश्यक है. कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव संजीत सिंह ने की। बैठक में प्रदेश सचिव अरबी खातून,प्रो मनोज अम्बस्ट, प्रेम सॉह, युगल किशोर सिंह राजीव जायसवाल सुबोध पांडा सीताराम मंडल, सुनील हेंब्रम विवेक कुमार अनुज कुशवाहा, आशीष सिंह, महादेव यादव, अमित सिंह, शहरोज शेख, मानिक महतो, स्टेफन बेसरा, अशोक यादव, दीपक यादव दुमका नगर अध्यक्ष अली इमाम टिंकू, सत्यनारायण यादव,सुनील किस्कू, अविनाश यादव, निरंजन यादव, बम बम यादव, पोलूस मुर्मू, दशरथ मंडल, रुपेश सिंह, मजीद अंसारी, प्रभाकर मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## घायल किसी तरह जान बचाकर पहुंचा सदर अस्पताल

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वर्गीय गंगाविशु सिंह के 35 वर्षीय पुत्र गणेश कुमार सिंह को दो से तीन अज्ञात युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।वही घायल किसी तरह जान बचाकर इलाज हेतु सदर अस्पताल आया।जहां ड्यूटी पर रहे डॉ चंदन कुमार ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया।वही घायल चंदन कुमार ने बताया।की मैं सब्जी का व्यापार करता हूं वही आज दोपहर घोड़ाबाड़ी हटिया गए।जहां अपने कस्टमर से पैसे लेने थे।वही दो से तीन लोग आए और रंगदारी मांगे 50,000 मांगने लगा।वही इंकार करने पर फैट एवं पत्थर से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।वही घायल गणेश के सर पर गंभीर चोट लगी है।

# युवा समिति का पर्यावरण क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहड़वाः** नगर के नयाटोला में सोमवार से पर्यावरण को विशेष रूप से जागरूक और बढ़ावा देने के उद्देश्य से पाँच दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया जा रहा है।इसे लेकर मैदान की साफ-सफाई और चारों तरफ से टेंट की तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई है।जानकारी के अनुसार बरहरवा युवा समिति नया टोला के द्वारा 16 टीमों का खेल कराया जा रहा है।जिसमें नगर पंचायत के आठ टीम खेलेंगे।इसमे सिर्फ वार्ड के खिलाड़ी ही खेल सकते हैं।साथ ही आठ टीम ग्रामीण क्षेत्र से होंगे।जिसमे कही से कोई भी खिलाड़ी खेल सकते हैं।उधर,खेल आयोजनकर्ता विजय यादव ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण में यह टूनामेंट का आयोजन किया जा रहा है।खिलाड़ियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का मुख्य उद्देश्य है।उन्होंने यह भी कहा कि चिलचिलाती धूप और गर्मी में खिलाड़ी और दर्शक के लिए बैठने उत्तम व्यवस्था किया गया है।मैदान के चारों तरफ टेंट बनाया गया है।जिससे दशक आराम से बैठकर मैच का आनंद उठा सकते हैं।साथ ही निशुल्क एंट्री फीस में विजेता टीम को 21 हजार रुपए दिया जाएगा।तथा उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।इसके अलावा मैन ऑफ द मैच,मैन ऑफ द सीरीज फाइनल मैच में दिया जाएगा।वही टॉस जीतने वाले कप्तान को चांदी का कॉइन दिया जाएगा।मौके पर मानव कुमार, शौविक कुमार, आयुष कुमार, राहुल,सागर कुमार, रोहित कुमार, मदन यादव सहित अन्य रहें।

# कांग्रेस महागठबंधन सरकार का हिस्सा है : साहा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहेट :** प्रखंड कांग्रेस को मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार को बरहेट प्रखंड के बरमसिया में प्रखंड उपाध्यक्ष मुक्ताज अंसारी के आवास पर प्रखंड अध्यक्ष तैमूर अंसारी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुआ।जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव सह प्रखंड पर्यवेक्षक हीरालाल साहा उपस्थित थे।बैठक में नव नियुक्त प्रखंड पर्यवेक्षक हीरालाल साह ने ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस पार्टी महागठबंधन सरकार का हिस्सा है। और राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने कार्यकताओं से जनता के साथ मिलकर काम करने और सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने का आह्वान किया।हीरालाल साह ने प्रखंड और पंचायत पदाधिकारियों को संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई निर्देश दिए।उन्होंने बूथ कमेटियों का गठन करने और



प्रत्येक बूथ से एक बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का निर्देश दिया ताकि बूथ लिस्ट की निगरानी की जा सके।उन्होंने कार्यकताओं से विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जीत की तरह ही संगठन को मजबूत बनाने और राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करने का आग्रह किया।मौके पर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अख्तर अंसारी, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष अफजाल अंसारी,उत्तरी मंडल अध्यक्ष हरधनतुरी,प्रखंड उपाध्यक्ष जयदेव रजवार,मो रागीब आलम,करुण केवट,खोगेन दास, राजू राय,कलाम मोमिन, अंसार अलाउद्दीन मोमिन इस्माइल मोमिन मुखलाल मोमिन दौलत मोमिन जाहिर मोमिन सुल्तान अंसारी दौलत अंसारी,अफजुद्दीन अंसारी सिकंदर मोमिन,हसन अंसारी और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अक्षय कुमार की 'केसरी-2' की बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरूआत

अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'केसरी चैप्टर-2' 18 अप्रैल को स्क्रीन पर आ गई। हर किसी की दिलचस्पी थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल करेगी। करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी इस ऐतिहासिक फिल्म में दर्शकों को कोर्ट रूम ड्रामा देखने को मिलेगा। फिलहाल फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धीमी गति से आगे बढ़ती नजर आ रही है। सैनिलक की एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म पहले दिन सिर्फ 7.5 करोड़ रुपये ही कमा पाई है। फिल्म ने अग्रिम बुकिंग से भी 2 करोड़ रुपये कमाए हैं। आंकड़े बताते हैं कि 'केसरी चैप्टर-2' अक्षय कुमार की पिछली फिल्म 'स्काई फोर्स' की पहले दिन की कमाई को पार करने में नाकाम रही है। फिल्म 'केसरी चैप्टर-2' के पहले दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की शुरूआत बहुत अच्छी नहीं रही है। हालांकि, यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि वीकेंड में दर्शक फिल्म को कैसी प्रतिक्रिया देते हैं।
फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर 'केसरी चैप्टर-2' के अलावा 'जाट' और 'सिकंदर' फिल्में हैं। 'जाट' ने पहले दिन करीब 9.5 करोड़ की कमाई की। सलमान खान की 'सिकंदर' ने पहले दिन 26 करोड़ रुपये कमाए हैं। इन दोनों फिल्मों की तुलना में 'केसरी-2' का कलेक्शन काफी कम है। यह फिल्म उन बैरिस्टर की कहानी पर आधारित है, जिन्होंने 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ अदालत में लड़ाई लड़ी थी। अक्षय इस फिल्म में नायर की भूमिका निभा रहे हैं। आर. माधवन फिल्म में एक ब्रिटिश वकील की भूमिका निभा रहे हैं और अनन्या पांडे दिलरीत गिल की भूमिका में दिखाई दे रही हैं। पिछले कुछ सालों से अक्षय कुमार की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर प्रदर्शन करने में असफल रही हैं। इसलिए खिलाड़ी कुमार के फैंस को 'केसरी चैप्टर-2' से काफी उम्मीदें थीं। अब यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट होगी या फ्लॉप, यह तो वीकेंड की कमाई से ही साफ होगा।





## फिल्म 'पीकू' 10 साल बाद 9 मई को दोबारा रिलीज होगी

बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'पीकू' को लेकर एक बार फिर से फैंस के बीच उत्साह देखने को मिल रहा है। शूजित सरकार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और इरफान खान जैसे दिग्गज कलाकारों ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं। साल 2015 में रिलीज हुई यह फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद आई थी और बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई की थी। 'पीकू' एक बार फिर करीब 10 साल बाद 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। इस बात की जानकारी खुद दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट के जरिए दी है। इन दिनों सिनेमाघरों में पुरानी सुपरहिट फिल्मों को दोबारा रिलीज करने का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है। दर्शक इन फिल्मों को फिर से बड़े पर्दे पर देखने के लिए भारी संख्या में थिएटर का रुख कर रहे हैं। हाल ही में सनम तेरी कसम, रहना है तेरे दिल में और तुझे मेरी कसम जैसी चर्चित फिल्मों की पुनः रिलीज को दर्शकों ने खूब सराहा, और इन फिल्मों ने दोबारा रिलीज होकर भी अच्छा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया। अब इस लिस्ट में दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन की फिल्म पीकू भी जुड़ गई है। करीब 10 साल बाद यह फिल्म एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। शूजित सरकार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में इरफान खान की भी अहम भूमिका थी।
दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर इस खबर की पुष्टि की, जिसके बाद फैंस में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।
दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर एक खास पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म पीकू की दोबारा रिलीज की घोषणा की। पोस्ट में उन्होंने लिखा, ₹पीकू मेरे दिल के सबसे करीब है। यह फिल्म अपने 10 साल पूरे होने पर 9 मई को एक बार फिर सिनेमाघरों में लौट रही है। इरफान, हम तुम्हें हमेशा याद करते हैं...



## बॉलीवुड की 'दबंग गर्ल' सोनाक्षी सिन्हा की नई फिल्म निकिता रॉय 30 मई को सिनेमाघरों में

बॉलीवुड की 'दबंग गर्ल' के नाम से मशहूर सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी दमदार अदायगी से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। दबंग, राउडी राठौड़ और सन ऑफ सरदार जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकीं सोनाक्षी अपने सहज अभिनय के लिए जानी जाती हैं। अब एक बार फिर वह बड़े पर्दे पर नजर आने वाली हैं, इस बार एक बिल्कुल अलग अवतार में। उनकी आने वाली फिल्म 'निकिता रॉय' का पहला पोस्टर हाल ही में जारी किया गया है। पोस्टर में सोनाक्षी का लुक काफी रहस्यमयी और प्रभावशाली नजर आ रहा है, जिसे देखकर फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता काफी बढ़ गई है। हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर एक खास पोस्ट शेयर कर अपनी नई फिल्म का ऐलान किया है। यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है, जिसमें सोनाक्षी के साथ परेश रावल, अर्जुन रामपाल और सुहैल नैय्यर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें सभी कलाकार सस्पेंस से भरे लुक में दिख रहे हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म में सोनाक्षी का अब तक का सबसे अलग और इंटेंस अवतार देखने को मिलेगा, जिसे देखकर दर्शकों की जिज्ञासा और भी बढ़ गई है। फिल्म निकिता रॉय का निर्देशन कुश एस. सिन्हा ने किया है। इस थ्रिलर फिल्म को निक्की खेमचंद भगनानी, किंजल आहूजा घोन और विक्की भगनानी ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। दर्शकों के लिए रोमांच से भरपूर यह फिल्म 30 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है, जिसका इंतजार फैंस बेसब्री से कर रहे हैं।-

## 'द रॉयल्स' वेब सीरीज की रिलीज डेट आई सामने



अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी आगामी सीरीज ह्यद रॉयल्सह्न को लेकर चर्चा में हैं। इस सीरीज का निर्देशन प्रियंका घोष और नूपुर अस्थाना ने किया है। भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर की जोड़ी इस सीरीज में पहली बार एक साथ नजर आएगी, जिससे दर्शकों में काफी उत्सुकता है। फिल्म के निमार्ताओं ने अब सीरीज का पहला वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें भूमि और ईशान के अलावा अन्य सितारे भी झलकते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो से सीरीज के रोमांचक और शाही अंदाज का पता चलता है, जो दर्शकों को काफी पसंद आने की उम्मीद है। सीरीज की रिलीज डेट पहले ही सामने आ चुकी है। निमार्ताओं ने द रॉयल्सह्न के पहले वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, ₹मुस्कुराइए, आप मोतीबाग महल में पहुंच गए हैं जो सीरीज की शाही और रोमांचक थीम को दशार्ता है। सीरीज के पोस्टर में ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर साथ खड़े नजर आ रहे हैं. सीरीज के माध्यम से एक्ट्रेस जीनत अमान अभिनय की दुनिया में वापसी करने जा रही हैं। भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर के अलावा, इस सीरीज में साक्षी तंवर, नोरा फतेही, जीनत अमान, मिलिंद सोमन, डिनो मोरिया, चंकी पांडे जैसे बड़े सितारे भी नजर आएंगे। इसके अलावा विहान समत, काव्या त्रेहन, सुमुखी सुरेश, उदित अरोड़ा, लिसा मिश्रा और ल्यूक केनी जैसे कलाकार भी अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। 'द रॉयल्स' एक ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी और फिल्म का प्रीमियर 9 मई को होगा।

# निर्देशक अनुराग कश्यप ने ब्राह्मण समुदाय पर दिए बयान के लिए मांगी माफी



**आगामी** फिल्म 'फुले' को लेकर ब्राह्मण समुदाय पर फि ल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के एक बयान के लिए बाद सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा हो गया। इस बयान के बाद अनुराग कश्यप और उनके परिवार को कई धमकियां भी मिलीं। कई लोगों ने अनुराग के बयान की निंदा की और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अब अनुराग ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक लंबा पोस्ट शेयर करके माफी मांग ली है। अनुराग कश्यप ने साफ कहा, ₹ये माफी पूरी पोस्ट के लिए नहीं है, बल्कि उस एक लाइन के लिए है। उस लाइन में एक अलग संदर्भ जोड़ा गया, जिससे बहुत नफरत फैली। मेरी राय चाहे कितनी भी साफ क्यों न हो, अगर उससे मेरी बेटी की सुरक्षा प्रभावित होती है, तो वो राय मेरे लिए मायने नहीं रखती।₹ ₹मैं अपने बयान पर कायम हूं, लेकिन अगर मेरे परिवार को मेरी वजह से परेशानी हो रही है, तो मुझे माफ कर दीजिए। मुझे डांट दीजिए, लेकिन मेरे परिवार को कोई परेशानी मत दीजिए। अगर आप मुझसे माफी चाहते हैं, तो मैं माफी मांगता हूं। जो लोग शुद्ध मूल्यों और धर्म का प्रचार करते हैं, उन्हें महिलाओं का सम्मान करना चाहिए, बस यही मेरी अपेक्षा है। अनुराग के बयान से मचा विवादअनुराग ने कुछ दिन पहले फिल्म 'फुले' की पृष्ठभूमि में एक पोस्ट लिखी थी। इससे विवाद उत्पन्न हो गया। अनुराग ने लिखा, ₹धड़क 2 की स्क्रीनिंग के दौरान सेंसर बोर्ड ने कहा कि मोदी ने जाति व्यवस्था को खत्म कर दिया है। इसी आधार पर संतोष फिल्म भी भारत में रिलीज नहीं हुई। अब ब्राह्मण समुदाय को फिल्म 'फुले' पर आपत्ति है, लेकिन भाई, अगर जाति व्यवस्था खत्म हो गई तो ब्राह्मण कहां से आ गए? आप कौन हैं? आप क्यों तकलीफ में हैं यदि जाति व्यवस्था नहीं होती तो ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले का अस्तित्व क्यों होता?। एक बात तो यह है कि यहां कोई ब्राह्मण नहीं है, क्योंकि मोदी के अनुसार भारत में कोई जाति व्यवस्था नहीं है। या फिर वे सब एक दूसरे को मूर्ख बना रहे हैं? आपको पहले मिलकर यह तय करना चाहिए कि भारत में जाति व्यवस्था है या नहीं। लोग मूर्ख नहीं हैं। ₹क्या आप ब्राह्मण हैं या आपके पूर्वज थे जो अब यहां नहीं हैं...क्या निर्णय लेंगे?₹ इससे अनुराग के प्रति नाराजगी पैदा हो गई। अब जब अनुराग ने माफी मांग ली है तो यह कहना गलत नहीं होगा कि मामला खत्म हो गया है।-

## होल्गर रून ने कार्लोस अल्कारेज को हराकर जीता बार्सिलोना ओपन का खिताब

एजेंसी

**बार्सिलोना :** डेनमार्क के टेनिस स्टार होल्गर रून ने रविवार को बड़ा उलटफेर करते हुए वर्ल्ड नंबर-2 कार्लोस अल्कराज को हराकर बार्सिलोना ओपन 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। रून ने खिताबी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7-6 (8/6), 6-2 से जीत दर्ज की। इसके साथ ही उन्होंने करीब एक साल बाद कोई खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला खास इसलिए भी रहा क्योंकि अल्कराज अपने पिछले 23 क्ले कोर्ट मैचों में सिर्फ दूसरी बार हारे हैं। होल्गर रून ने जीत के बाद कहा, ₹ये एक पागलपन भरा एहसास है। करीब एक साल बाद खिताब जीतना मेरे लिए बेहद खास है। कार्लोस जैसे खिलाड़ी और अच्छे दोस्त को फाइनल में हराकर ये पल मेरे लिए खास है। मैंने पूरे मैच में संयम बनाए रखा और रणनीति के साथ खेला। फाइनल मुकाबले की शुरूआत में कार्लोस अल्कराज ने पांचवें गेम में ब्रेक लेकर बढ़त बनाई थी, लेकिन रून ने तुरंत वापसी करते हुए स्कोर 3-3 कर दिया।



इसके बाद रून ने 10वें गेम में दो सेट पॉइंट बनाए, हालांकि अल्कराज ने उन्हें बचा लिया। पहला सेट टाई-ब्रेक तक गया, जहां रून ने मौके का फायदा उठाते हुए पहला सेट अपने नाम कर लिया। यह इस हफ्ते अल्कराज का पहला सेट था जो उन्होंने गंवाया। दूसरे सेट में अल्कराज ने शुरूआत में दो ब्रेक प्वाइंट जरूर बनाए, मगर रून ने उन्हें बचाया। तीसरे गेम के बाद अल्कराज ने मेडिकल टाइमआउट लिया और फिर कोर्ट पर लौटे। हालांकि तब तक होल्गर रून ने मैच की पकड़ मजबूत कर ली थी। रून ने दो बार अल्कराज की सर्विस ब्रेक करते हुए दूसरा सेट 6-2 से अपने नाम कर खिताब जीत लिया। अल्कराज, जो इससे पहले मोंटे कार्लो मास्टर्स जीत चुके हैं और फ्रेंच ओपन की तैयारी कर रहे हैं, वह बार्सिलोना में अपना तीसरा खिताब जीतने से चूक गए।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग: तेलुगु पैंथर्स, मराठी वल्चर्स और भोजपुरी लेपड्र्स ने दर्ज की शानदार जीत

एजेंसी

**गुरुग्राम (हरियाणा) :** गुरुग्राम विश्वविद्यालय में चल रही ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) के रविवार के मुकाबले रोमांच और एक्शन से भरपूर रहे। दिन के तीन मुकाबलों में तेलुगु पैंथर्स, मराठी वल्चर्स और भोजपुरी लेपड्र्स ने अपने-अपने विरोधियों को हराकर दमदार जीत दर्ज की।

महिलाओं के मुकाबलों के धमाकेदार आगाज के बाद रविवार को पुरुष टीमें मैदान में उतरीं। पुरुष मैचों में बड़ी संख्या में लड़कियों की मौजूदगी ने स्टेडियम का माहौल और भी शानदार बना दिया। दर्शकों के उत्साही समर्थन और जोरदार जयकारों ने मुकाबलों का रोमांच दोगुना कर दिया। दिन के पहले मुकाबले में तेलुगु पैंथर्स ने तमिल लायंस को 33-27 से हराया। पैंथर्स ने 16 रेड और 13 टैकल पॉइंट जुटाते हुए मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी। तमिल लायंस की मजबूत रेडिंग (18 पॉइंट) के बावजूद ऑल-आउट पॉइंट की कमी उन्हें भारी पड़ी। तेलुगु पैंथर्स के ऑलराउंड प्रदर्शन ने उन्हें शानदार



जीत दिलाई। दूसरे मुकाबले में मराठी वल्चर्स ने पंजाबी टाइगर्स को 55-44 से हराया। वल्चर्स ने 30 रेड, 20 टैकल और 4 ऑल-आउट पॉइंट बटोरकर एकतरफा मुकाबला अपने नाम किया। पंजाबी टाइगर्स की रेडिंग मजबूत रही, लेकिन उनका डिफेंस मराठी की तगड़ी टैकलिंग के सामने टिक नहीं सका। मराठी वल्चर्स की ओर से तीन सुपर टैकल भी देखने को मिले। दिन के आखिरी मुकाबले में भोजपुरी लेपड्र्स ने हरियाणवी शार्क्स को 39-30 से मात दी। भोजपुरी टीम ने 20 रेड, 13 टैकल और 4 ऑल-आउट पॉइंट के साथ मुकाबले पर पूरी तरह दबदबा बनाए रखा। शार्क्स ने मुकाबले में कड़ा संघर्ष किया, मगर लेपड्र्स की हरफनमौला रणनीति के आगे उनकी एक न चली।

## आरसीबी से मिली हार के बाद पंजाब किंग्स के कोच पोंटिंग ने कहा-अब हर मुकाबला हमारे लिए करो या मरो जैसा

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में बेहतरीन लय में नजर आ रही पंजाब किंग्स की रफ्तार रविवार को नई चंडीगढ़ के महाराजा वाईपी सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में थम गई। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स की टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 7 विकेट से मात देकर टूर्नामेंट की बेहद अहम जीत अपने नाम की। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 157 रन बनाए। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने तेज शुरूआत दी, लेकिन मध्य क्रम के बल्लेबाज बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेंगलुरु की टीम ने विराट कोहली के नाबाद 73 रनों की शानदार पारी की बदौलत 7 गेंद शेष रहते यह मुकाबला अपने नाम कर लिया। मुकाबले के बाद पंजाब किंग्स के मुख्य प्रशिक्षक रिकी पोंटिंग ने हार की वजह बल्लेबाजी को बताया। उन्होंने कहा, ₹हमने इस मैच में बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। पिच 157 रन से कहीं बेहतर थी।



हमारे कई बल्लेबाजों ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल सका। यही टी20 क्रिकेट में अंतर पैदा करता है। पावरप्ले में हम 62 रन पर 1 विकेट थे, वहाँ से स्कोर 180 या 200 तक पहुँचाना चाहिए था, लेकिन हमने विकेट झुंड में गंवा दिए। उन्होंने कहा, ₹हम हाफवे मार्क तक पहुँच चुके हैं। अब हर मैच अहम है। हमें अगले मुकाबलों में जीत दर्ज कर प्लेऑफ की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत करनी होगी। कोलकाता के खिलाफ अगला मुकाबला बड़ा है। फिर धर्मशाला में होने वाले घरेलू मुकाबले भी हमारे लिए निर्णायक रहेंगे।, उन्होंने कहा, ₹धर्मशाला शानदार मैदान है। वहाँ की पिच अच्छी होती है, गेंद बल्ले पर तेजी से आती है और मैदान छोटा है। इस बार हमारे वहाँ तीन मुकाबले हैं। हमें कोशिश करनी होगी कि वह मैदान हमारे लिए भाग्यशाली साबित हो। पंजाब किंग्स अब 26 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ईडन गार्डन्स में भिड़ेगी, जबकि 4 मई को धर्मशाला में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ घरेलू मुकाबला खेलेगी।

# मप्र: मुख्यमंत्री विज्ञान मंथन यात्रा के छात्र-छात्राओं से करेंगे संवाद

## आज से शुरू होगी 17वीं विज्ञान मंथन यात्रा, प्रदेश के 375 छात्र-छात्राओं का चयन

एजेंसी

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् की 17 वीं विज्ञान मंथन यात्रा के लिए चयनित प्रतिभाशाली भावी वैज्ञानिकों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास में शाम 7 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा पर जाने वाले भावी वैज्ञानिको को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव विज्ञान मंथन यात्रा का फ्लैग ऑफ भी करेंगे। इस अवसर पर वैज्ञानिक संस्थानों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों उपस्थिति रहेंगे। परियोजना प्रभारी डॉ. विवेक कटारे ने बताया कि 17वीं विज्ञान मंथन यात्रा 21 से 27 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। योजना में चयनित प्रतिभागियों को देश की प्रतिष्ठित प्रयोशालाओं और समर्पित वैज्ञानिकों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। यात्रा उपरांत परिषद् द्वारा आयोजित



स्कॉलरशिप परीक्षा में भाग लेने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में सफल होने वाले प्रत्येक कक्षा के 20 चयनित विद्यार्थियों को पांच वर्षों तक 12 हजार रुपये प्रति वर्ष की स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी। यात्रा के लिए इस वर्ष कक्षा 10वीं से 12वीं विज्ञान विषय में अध्यनरत पूरे प्रदेश के कुल 375 छात्र-छत्राओ का चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया में प्रदेश को पांच विभिन्न जोन (ईस्ट, वेस्ट, नार्थ, साउथ व सेंट्रल) में बांटकर प्रत्येक जोन से 75 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। डॉ. कटारे के अनुसार इन प्रतिभागियों का चयन प्रदेश स्तर पर पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर किया गया है। उन्होंने बताया कि कक्षा 10वीं के 49 छात्राओं एवं 76 छात्रों, कक्षा 11वीं के 54 छात्राएं तथा 71 छात्रों और कक्षा 12वीं के 48 छात्राएं तथा 77 छात्रों का चयन किया गया है। इन छात्र-छात्राओं के उपयोगी मार्गदर्शन के लिये प्रदेश के विज्ञान विषय के 33 शिक्षकों का भी चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर से सभी चयनित विद्यार्थी प्रौद्योगिकी परिषद के नेहरू नगर स्थित मुख्यालय में प्रातः 9.00 बजे उपस्थित होंगे। इस वर्ष कुल चयनित 375 विद्यार्थियों को 02 पृथक समूहों में विभाजित किया गया है, जिनमें से एक ग्रुप चंडीगढ़ जायेगा और दूसरा समूहों दिल्ली स्थित संस्थानों का भ्रमण करेगा। दिल्ली जाने वाले समूहों के विद्यार्थी नेशनल साइंस सेन्टर, नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ प्लांट जीनोमिक रिसर्च, इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीटयूट, राष्ट्रपति भवन और दिल्ली संस्थानों का भ्रमण करेंगे। चंडीगढ़ जाने वाले समूह के विद्यार्थी सेन्ट्रल साइंटिफिक इंस्ट्रुमेंटस ऑगेनाइजेशन, इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, पंजाब स्टेट काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ फॉर्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, गवर्नमेंट म्युजियम एंड आर्ट गैलरी संस्थानों का भ्रमण और वैज्ञानिकों से साक्षात्कार करेंगे। परियोजना प्रभारी डॉ. कटारे ने बताया कि चंडीगढ़ जाने वाले समूह का नाम सीवी रमन समूह एवं दिल्ली जाने वाले समूह का नाम ह्लएपीजे अब्दुल कलाम समूहह्व रखा गया है। ह्लसीवी रमन समूह ह्व में कक्षा 11वीं और 12वीं एवं ह्लएपीजे अब्दुल कलाम समूहह्व में 10वीं के छात्र-छात्राए होंगे। दोनों ही समूह मंगलवार 22 अप्रैल को भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से प्रातः वन्दे भारत ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। दिल्ली पहुँचने पर प्रदेश के इन सभी भावी वैज्ञानिकों का भव्य स्वागत विज्ञान भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किया जायेगा। मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं में प्रदेश की भावी वैज्ञानिकों को तलाशने और उनमें विज्ञान शिक्षा के प्रति रुझान पैदा करने के लिए विगत 16 वर्षो से मिशन एक्सीलेंस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश से चयनित विद्यार्थियों के दल को किताबी ज्ञान से अलग व्यावहारिक विज्ञान की दुनिया से रूबरू कराया जायेगा। आज हम सभी की उन्नत जीवन शैली विज्ञान के नित नए आविष्कारो पर ही आधारित है। इन आविष्कारों के पीछे नित नये शोध कार्य और इस शोधो को अंजाम देने वाले हमारे कर्मठ वैज्ञानिकों, समर्पित प्रयोगशालाओं आदि के साक्षात दर्शन से जो वातावरण पैदा होता है, वह विद्यार्थियों के मन में देशप्रेम के साथ-साथ समर्पित वैज्ञानिक के रूप में अपना कॅरियर बनाने की प्रतिबद्धता प्रदान करता है। विज्ञान मंथन यात्रा का मुख्य उद्देश्य उन प्रतिभावान विद्यार्थियों को, जिनमें विज्ञान के प्रति अभिरुचि है, उनकी पहचान करना एवं उनके द्वारा चयनित क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित करना है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से चलाये जाने वाले इस कार्यक्रम के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर उनकी वैज्ञानिक प्रतिभा को चिन्हित कर अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से आगे बढाया जाने का कार्य किया जा रहा है।

## मुर्शिदाबाद में हालात धीरे-धीरे हो रहे सामान्य अब तक 289 गिरफ्तार, 100 परिवार लौटे

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज और सुती इलाके में हाल ही में भड़की हिंसा के बाद स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होती दिख रही है। जंगीपुर पुलिस जिले के पुलिस अधीक्षक आनंद राय ने बताया कि बीते कुछ दिनों में क्षेत्र से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। साथ ही अब तक कुल 289 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस अधीक्षक के अनुसार, अशांति से संबंधित अब तक कुल 138 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 14 मुकदमे शनिवार को ही दर्ज हुए। हिंसा में शामिल लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस 'शून्य सहिष्णुता' की नीति पर काम कर रही है और हालात पर पूरी निगरानी रखी जा रही है।एसपी राय ने यह भी जानकारी दी कि स्थानीय लोगों में धीरे-



धीरे विश्वास लौट रहा है और इसी का नतीजा है कि लगभग 100 परिवार अपने घरों में लौट आए हैं। उन्होंने आशा जताई कि जल्द ही और भी लोग अपने घर वापस लौटेंगे। फिलहाल जाफराबाद और आसपास के इलाकों में तीन अस्थायी पुलिस कैंप स्थापित किए गए हैं, जहां नियमित रूप से राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों की संयुक्त गश्ती जारी है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, अभी भी लगभग 200 परिवार अपने घरों से बाहर हैं और स्थिति पूरी तरह सामान्य होने में समय लग सकता है। पुलिस ने बताया कि हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की टीम और जांच अधिकारी विभिन्न इलाकों में जाकर साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं।

### दुर्घटना में बाल-बाल बचीं मंत्री बीरबाहा हांसदा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की वन राज्य मंत्री बीरबाहा हांसदा की गाड़ी रविवार रात एक दुर्घटना का शिकार हो गई। यह हादसा मेदिनीपुर शहर के गिरजा मोड़ इलाके में हुआ, जब अचानक एक टोटो मंत्री की कार के सामने आ गया और पलट गया। टोटो में सवार एक महिला, एक नवजात बच्चा और एक युवक घायल हो गए। हादसे में मंत्री बीरबाहा हांसदा पूरी तरह सुरक्षित रहीं। पुलिस के अनुसार, बीरबाहा हांसदा अपनी गाड़ी से केरणीचटी से होते हुए झाड़ग्राम की ओर जा रही थीं। उसी दौरान गिरजा मोड़ के पास सामने से आ रहा एक टोटो अनियंत्रित होकर उनकी गाड़ी के सामने आ गया और पलट गया। टोटो के हल्के ढांचे के कारण उसमें सवार लोग घायल हो गए, जबकि मंत्री की गाड़ी को कोई खास नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद मंत्री ने तुरंत अपनी गाड़ी रोकी और मानवता का परिचय देते हुए खुद तीनों घायलों को मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। घायलों में एक महिला, उसका नौ माह का बच्चा और महिला का भाई बताया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि टोटो अचानक मेरी गाड़ी के सामने आकर पलट गया। उसमें एक महिला, उसका छोटा बच्चा और एक सज्जन सवार थे। महिला और युवक को हाथ-पैर में चोटें आई हैं।

## सऊदी अरब में सड़क हादसा, पाकिस्तान के पांच जायरीनों की मौत

एजेंसी

**रियाद :** सऊदी अरब में हुए भीषण सड़क हादसे में तीन महिलाओं समेत पांच पाकिस्तानी उमराह तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह लोग बस से अल-बद्र से मदीना जा रहे थे। बस और ट्रैलर की टक्कर से यह हादसा हुआ। पाकिस्तान के समाचार चैनल 'एआरवाई न्यूज' की खबर के अनुसार, मृतकों में तीन महिलाएं और दो बुजुर्ग पुरुष शामिल हैं। बचाव अधिकारियों ने पुष्टि की कि घायलों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। उन्हें तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। मृतक महिलाएं बहावलनगर के निकट 228/9-आर और 201 मुराद गांव की थीं, जबकि पुरुष 39/3-आर और दहरानवाला के निवासी थे। पाकिस्तान नेशनल असेंबली के अध्यक्ष अयाज सादिक ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया और दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।



उन्होंने सऊदी अरब में पाकिस्तान के दूतावास को पीड़ितों के परिवारों की पूरी मदद करने और घायलों को सहायता प्रदान करने का भी निर्देश दिया। 'एआरवाई न्यूज' के अनुसार, पाकिस्तान के निजी टूर ऑपरेटरों के कुप्रबंधन के कारण लगभग 67,000 पाकिस्तानी तीर्थयात्री इस साल हज यात्रा पर नहीं जा पाए हैं। इस संकट के कारण जायरीनों से एकत्र किए गए 36 बिलियन पाकिस्तानी रुपये भी सऊदी अरब में फंस गए हैं। सऊदी सरकार ने कथित तौर पर पैसे वापस करने से इनकार कर दिया है और इसके बजाय अगले साल की तीर्थयात्रा के लिए धन समायोजित करने की पेशकश की है।

### कुशीनगर में सड़क हादसा, छह लोगों की मौत

**कुशीनगर (उत्तर प्रदेश :** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के भुजौली शुक्ल गांव के पास रविवार रात सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं । सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों की पहचान कर ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की हैं। पुलिस के मुताबिक, नेबुआ नौरंगिया थाना के पडरौना पनियहवा मार्ग पर भुजौली शुक्ल गांव के पास सड़क हादसा हुआ। बरातियों से भरी बेकाबू कार एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई हैं और दो लोग घायल हैं। मरने वालों में सगे भाई शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हुई है। दो घायल हैं। मृतकों में रामकोला के नारायनपुर चरगांव निवासी हरेंद्र, योगेंद्र, ओमप्रकाश, राजकिशोर, रंजीत, मुकेश और भीम शामिल हैं।

## श्रद्धालुओं की कार डिवाइडर से टकराकर ट्रक से भिड़ी, 4 की मौत, 3 घायल

एजेंसी

**चित्तौड़गढ़ :** चित्तौड़गढ़ जिले में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना निंबाहेड़ा-चित्तौड़गढ़ फोरलेन पर उस समय हुई, जब एक स्कॉर्पियो कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर गई और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। कार में सवार सभी लोग मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले के निवासी थे और चित्तौड़गढ़ स्थित सांवलियाजी मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे थे। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार गूंज उठी। पुलिस के अनुसार यह



हादसा चित्तौड़गढ़ जिले के निंबाहेड़ा थाना क्षेत्र में जलिया चेक पोस्ट के आगे हुआ। स्कॉर्पियो में सवार श्रद्धालु मध्यप्रदेश की सीमा पार कर राजस्थान में प्रवेश कर चुके थे और तभी वाहन असंतुलित होकर डिवाइडर पार करता हुआ विपरीत दिशा में जा पहुंचा, जहां वह एक ट्रक से जा भिड़ा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की गश्ती टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निंबाहेड़ा जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद चार यात्रियों को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। हादसे की जानकारी मिलते ही निंबाहेड़ा पुलिस उप अधीक्षक बद्रीलाल राव अस्पताल पहुंचे और उन्होंने घटना की जानकारी लेने के साथ-साथ घायलों के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली। पुलिस उप अधीक्षक बद्रीलाल राव ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल किया गया। औपचारिकताओं के बाद शवों का पोस्टमार्टम करवाकर उन्हें परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मृतकों की पहचान उज्जैन जिले के बड़नगर क्षेत्र के संजय उर्फ संजू (42), गौरव (32), अनिल (18) और वाहन चालक राजेश उर्फ राजा चौधरी के रुप में हुई है। वहीं तीन अन्य श्रद्धालु-दीपक (39) पुत्र रमेश देपाल, योगेश (20) पुत्र निलेश और सुनील (28) पुत्र प्रह्लाद-गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से निंबाहेड़ा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। स्कॉर्पियो में सवार सभी युवक आपस में मित्र थे और दर्शन के उद्देश्य से एक साथ यात्रा कर रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों और घायलों के परिजन भी रात में ही निंबाहेड़ा पहुंच गए। पुलिस ने दुर्घटनास्थल से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज भारतीय बाजारों के लिए मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। गुड फ्राइडे की छुट्टी के पहले अमेरिकी बाजार दबाव में कारोबार करते हुए नजर आए थे। छुट्टियां खत्म होने के बाद आज डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजारों में छुट्टियों के पहले के सत्र में नरमी बनी रही। डाउ जॉन्स 500 अंक से अधिक की गिरावट का शिकार



हो गया था। इसी तरह नैस्डेक ने भी 0.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,286.45 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया था। हालांकि एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 5,282.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 285.36 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38,856.87 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। हॉन्ग कोंग स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से हैंग सेंग इंडेक्स में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। गिफ्ट निफ्टी फिलहाल 114 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,919 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 1.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,760.83 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,286.44 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। उदूसरी ओर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.54 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,144.71 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.28 प्रतिशत लुढ़क कर 6,420.48 अंक के स्तर तक गिर गया है। ताइवान वेटेड इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल ये सूचकांक 268.26 अंक यानी 1.38 प्रतिशत फिसल कर 19,126.77 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 437.31 अंक यानी 1.26 प्रतिशत टूट कर 34,292.97 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स की 0.08 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 2,481.51 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर दी शुभकामनाएं



**भोपाल :** राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस है। हर साल 21 अप्रैल को 'सिविल सेवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह सिविल सेवकों के लिए नागरिकों के हित के लिए खुद को फिर से समर्पित करने और सार्वजनिक सेवा और काम में उत्कृष्टता के लिए अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने का अवसर है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर लोकसेवकों को शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा प्रगति, गरीब के उत्थान एवं प्रशासनिक व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण से लोककल्याण के प्रयासों को समर्पित राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। लोकसेवकों के कठोर परिश्रम, लगन और प्रतिबद्धता से भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। आप सभी विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प साकार करने में उल्लेखनीय योगदान दें, मेरी मंगलकामनाएं हैं।

### फिल्म केजीएफ के स्टार अभिनेता यश ने किया भगवान महाकाल के दर्शन, भस्म आरती में हुए शामिल



**उज्जैन :** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपर स्टार और फिल्म केजीएफ से रातों रात प्रसिद्ध हुए फिल्म अभिनेता यश सोमवार सुबह महाकाल मंदिर पहुंचे। यहां वे भस्म आरती में शामिल हुए। इस दौरान अभिनेता यश पूरी तरह भगवान महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। केजीएफ के स्टार अभिनेता यश सोमवार सुबह चार बजे महाकाल मंदिर पहुंचे। वे तड़के मंदिर में होने वाली भस्म आरती में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ कुछ कुछ मित्र भी रहे। यश मंदिर में धोती और सोला पहनकर पहुंचे थे। मस्तक पर चंदन का तिलक लगाकर यश करीब दो घंटे तक भगवान महाकाल के आरती में रमे हुए दिखाई दिखाई दिए। भगवान की आरती के पश्चात यश ने मंदिर की देहरी से दर्शन किए। इस दौरान आकाश पुजारी द्वारा पूजन-पाठ कर जल अर्पित किया गया। महाकाल मंदिर समिति की ओर से यश को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। दर्शन के बाद यश ने कहा कि बहुत खुशी हुई जिस तरह से अच्छे से दर्शन हुए भक्त को जो चाहिए सब मंदिर में मिल रहा है। यहां की पॉजिटिव एनर्जी अलग है, भगवान महाकाल का आशीर्वाद सब पर बना रहे।

### बलरामपुर : लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने मंत्री से लगाई गुजर



**बलरामपुर :** कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने रविवार शाम को बलरामपुर ब्लाक के कोचली में ग्रामीणों से मुलाकात की। गांववालों से शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। चर्चा के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने लो वोल्टेज की समस्या से हो रही परेशानी से अवगत कराया। लो वोल्टेज के कारण सिंचाई पंपों का उपयोग नहीं हो पाने तथा बैंकों का कामकाज भी प्रभावित होने की शिकायत की गई। मंत्री नेताम ने विश्वास दिलाया कि जल्द से जल्द लो वोल्टेज की समस्या को दूर कराएंगे। डवरा में प्रस्तावित सब स्टेशन के कार्य को गति देने हेतु अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य अनीता मरकाम, जनपद सदस्य श्रीमुनि, कोचली सरपंच रानो, डोरा सरपंच प्रेमसाय, डुमरखोला सरपंच जीतन राम, उप सरपंच महेंद्र गुप्ता, अज्जू गुप्ता, अमित जायसवाल, अर्जुन, मोंटी, प्रेमलाल, महेश काशी, मुलायम, बंशी यादव, हरि नारायण गुप्ता, जतन राम, महेंद्र पोया उपस्थित रहे।

### पेंटागन के कई शीर्ष अधिकारी निलंबित, इनमें रक्षा सचिव के सहयोगी भी



**वाशिंगटन :**अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के 'सिग्नल चैट लीक कांड' से पेंटागन में उथल-पुथल मची हुई है। 'सिग्नल चैट लीक कांड' की जांच के दौरान पेंटागन के कई शीर्ष अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के सहयोगी भी शामिल हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने सेकंड सिग्नल चैट में हमले की जानकारी साझा की है। रक्षा सचिव ने यमन में हमलों के बारे में संवेदनशील जानकारी एक एन्क्रिप्टेड ग्रुप चैट में भेजी थी। इसमें उनकी पत्नी,भाई और निजी वकील शामिल थे। रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने 15 मार्च को निजी सिग्नल ग्रुप चैट में यमन में आगामी हमलों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की थी। इस चैट से संबंधित चार लोगों ने खुलासा किया है कि इस जानकारी में यमन में हौथियों को निशाना बनाने वाले एफ/ए-18 हॉर्नेट्स के लिए उड़ान कार्यक्रम शामिल थे। रक्षा सचिव ने इसी दिन एक अलग सिग्नल चैट साझा की। यह गलती से द अटलांटिक के संपादक को भी भेज दी गई। एबीसी न्यूज के अनुसार, दो अधिकारियों ने बताया कि इनमें एक चैट ग्रुप हेगसेथ ने अपने निजी फोन पर बनाया था। हेगसेथ की पत्नी जेनिफर हेगसेथ रक्षा विभाग में काम नहीं करती हैं। उनके भाई फिल हेगसेथ होमलैंड सिक्योरिटी विभाग में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम करते हैं और रक्षा विभाग में तैनात हैं। हेगसेथ के निजी वकील टिम पार्लटोर पेंटागन में नौसेना रिजर्विस्ट के रूप में काम करते हैं। उन्हें हेगसेथ के कार्यालय में नियुक्त किया गया है। पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता सीन पार्नेल ने रविवार रात एक्स पर एक बयान में दूसरी चैट की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ट्रंप से नफरत करने वाला मीडिया इस मामले को तूल दे रहा है। किसी भी सिग्नल चैट में कोई भी वर्गीकृत जानकारी नहीं थी। यह भी सच है कि रक्षा सचिव का कार्यालय राष्ट्रपति ट्रंप के एजेंडे को मजबूती के साथ क्रियान्वित कर रहा है। इस बीच पेंटागन के कार्यवाहक महानिरीक्षक स्टीवन स्टेबिन्स ने रक्षा सचिव को सूचित किया है कि इस संबंध में जांच शुरू कर दी गई है। इसके अलावा पीट हेगसेथ की टीम के शीर्ष सहयोगी और अन्य सदस्य डैन कैलडवेल, कॉलिन कैरोल और डेरिन सेलनिक को निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में पेंटागन के पूर्व शीर्ष प्रवक्ता जॉन उल्योट के रविवार को पोलिटिको में छपे में लेख से हड़कंप मच गया है। उन्होंने लेख में पेंटागन में एक महीने तक जारी रही अराजकता का का वर्णन किया है। उन्होंने लिखा है, "संवेदनशील परिचालन योजनाओं के लीक होने से लेकर बड़े पैमाने पर बर्खास्तगी तक, यह अव्यवस्था अब राष्ट्रपति के लिए एक बड़ी बाधा बन गई है।" उन्होंने ही लेख में तीन अधिकारियों के निलंबन की जानकारी दी है। उल्योट का कहना है कि इसे देखते हुए, रक्षा सचिव पीट हेगसेथ को लंबे समय तक अपनी भूमिका में बने रहना मुश्किल है।

## न्यूज ब्रीफ

### अर्जुन मुंडा पहुंचे चक्रधरपुर बिजली रही नदारत



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने तथा पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात करने चक्रधरपुर पहुंचे थे किंतु चक्रधरपुर की बिजली हमेशा की तरह नदारद रही चक्रधरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन से एक ओर जहां कार्यकताओं में बेहद उत्साह देखा गया वहीं पूर्व मुख्यमंत्री श्री मुंडा कार्यकताओं से पूरे स्नेह और अपनेपन के साथ मिले और उनका हाल-चाल जाना तथा संगठन संबंधी जानकारी भी लिया।
पूर्व मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा की यह विशेषता है कि पुराने लोगों के साथ उनकी निकटता और अपनापन भरा संबंध कार्यकर्ताओं को काफी उत्साहित करने के साथ-साथ पार्टी के प्रति हमेशा समर्पण भी सिखाता है।

### दुमका जेल में बंद अखिलेश की 29 को होगी वीसी से कोर्ट में पेशी

**जमशेदपुर :** कोर्ट में पेशी के दौरान अपराधी सरगना अखिलेश सिंह पर फायरिंग के बाद मारपीट मामले में 29 अप्रैल मंगलवार को बहस होगी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता विद्या सिंह ने यह जानकारी दी। इससे दुमका जेल में बंद अखिलेश सिंह एवं पलामू जेल में बंद कन्हैया सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी होगी जबकि जमानत पर रिहा आरोपियों को सशरीर अदालत में पेश होना पड़ेगा। बताया जाता है कि, 24 मई 2014 को कोर्ट में पेशी के दौरान छब्बू ने अखिलेश सिंह पर फायरिंग की कोशिश की थी, लेकिन पिस्टल से गोली नहीं चली। इससे आक्रोशित अखिलेश के समर्थकों ने सरबजीत सिंह उर्फ छब्बू व हरविंदर सिंह को पीट कर जख्मी कर दिया था। इससे पुलिस ने सीतारामडेरा थाने में दोनों पक्ष के खिलाफ केस किया था। अदालत में करीब डेढ़ दर्ज गवाहो को परीक्षण हुआ है। अधिवक्ता के अनुसार, कोर्ट परिसर में फायरिंग व मारपीट मामले में अदालत ने फैसले के लिए 17 अप्रैल को निर्धारित किया था लेकिन अब 29 को बहस के बाद फैसले की उम्मीद है।

### बालिगुमा भीम नगर में सरहुल पूजा का आयोजन

**जमशेदपुर :** बालीगुमा सुखाना बस्ती और भीम नगर में आज सरहुल पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लाया शरत महतो ने गाव का सुख समृद्धि और शांति की कामना की। पूजा की शुरूआत सुबह साल वृक्ष के फूल लाकर पूरे गांव में घर-घर बांटने से हुई। इसके बाद जाहेरथान में पूजा अर्चना की गई, जहां मुर्गा और बकरे की बलि दी गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने एकत्रित होकर अपने पूर्वजों और प्रकृति की पूजा की और सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही पारंपरिक नृत्य और संगीत का भी आनंद लिया। सरहुल पूजा के आयोजन से गांव के लोगों में एकता और सौहार्द की भावना बढ़ी है।

### मनोहरपुर पंचायत भवन परिसर में खड़ी मिली चोरी हुई बाइक व स्कूटी

**चाईबासा :** मनोहरपुर रेलवे क्षेत्र से चार दिन पहले चोरी हुई दुपहिया वाहन शनिवार को मनोहरपुर पंचायत भवन परिसर में खड़ी मिली। बताया जाता है कि 15 व 16 अप्रैल को मनोहरपुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित रेलवे क्वार्टर से दो लोगों की बाइक चोरी हो गई थी।
वहीं 15 दिनों पहले भी रेलवे स्टेशन स्थित बुकिंग काउंटर के पास से भी एक व्यक्ति की बाइक चोरी व एक अन्य व्यक्ति की स्कूटी चोरी हुई थी। पुलिस इसे लेकर जांच पड़ताल में जुटी हुई थी। इधर शनिवार को पुलिस को जानकारी मिली की मनोहरपुर के बीसखोली स्थित पंचायत भवन परिसर में पूर्व में चोरी हुए दो बाइक व एक स्कूटी खड़ी है। इसके बाद पुलिस ने पंचायत भवन परिसर पहुंचकर दोनों वाहन को थाना ले आयी। स्थानीय लोगों के अनुसार पुलिस की दबिश को देखते हुए ही चोरों ने बाइक व स्कूटी को पंचायत भवन परिसर में खड़ा कर दिया होगा। इधर पुलिस पूर्व में हुए एक अन्य बाइक चोरी के मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### कलाकारों में जागरूकता और रचनात्मकता का संचार

**जमशेदपुर :** पथ पीपुल्स एसोसिएशन फॉर थिएटर की ओर से आयोजित 21 दिवसीय निःशुल्क नाट्य कार्यशाला के सातवें दिन प्रतिभागियों ने रंगमंच की गहराइयों को आत्मसात किया। कार्यशाला की शुरूआत कला मर्मज्ञ अमिताभ घोष के प्रेरक सत्र से हुई। उन्होंने कला और जीवन के अंतर संबंध पर चर्चा करते हुए प्रश्न उठाया कि हम नाटक किसके लिए करें? उनके अनुसार, रंगमंच केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है। उन्होंने प्रतिभागियों को चार समूहों में बांटकर क्यों, किसके लिए, कहां और कैसे नाटक करें जैसे विषयों पर आधारित लघु नाटकों का मंचन कराया। द्वितीय सत्र में मुख्य प्रशिक्षक मोहम्मद निजाम ने कलाकारों को संघर्ष, संवेदना और रचनात्मकता से जोड़ा। उन्होंने कहा कि सच्चा कलाकार समाज में परिवर्तन का वाहक होता है। फिल्मकार सौरभ सुमन झा ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए मेहनत और ईमानदारी के महत्व पर जोर दिया।

### चूना शाह बाबा के उर्स में चादरपोशी, लंगर में बंटी नेमत

**जमशेदपुर :** बिष्टूपुर स्थित हजरत बादशाह अब्दुर्रहीम उर्फ चूनाशाह बाबा की दरगाह पर चल रहे 56वें सालाना उर्स शरीफ के चौथे दिन रूहानियत और अकीदत का अद्भुत संगम देखने को मिला। दूरदराज से आए अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर सिर झुकाए और नम आंखों से दुआएं मांगी। दरगाह परिसर दिनभर बाबा तू बड़ा करम वाला है की सदा से गूंजता रहा।दोपहर 2 बजे गद्दीनशीन ताज अहमद की सरपरस्ती में लंगर-ए-आम की शुरूआत हुई। नेमत से भरे इस लंगर में जायरीन कतारबद्ध होकर शिरकत करते रहे। देर रात तक यह सिलसिला बिना रुके चलता रहा, जिसमें सभी जाति-धर्म के लोग भाईचारे की मिसाल पेश करते नजर आए। दरगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी अब्दुल लतीफ, उपाध्यक्ष मोहम्मद नेयाज खान, महासचिव हाजी एसएम कुतबुद्दीन, संयुक्त सचिव डॉ। जिया अहमद, कोषाध्यक्ष अब्दुल वहाब अंसारी सहित कई समाजसेवी और बुजुर्ग मौजूद रहे।

### देशहित और जनहित में एक देश एक चुनाव जरूरी : सांसद

**धनबाद :** जिला चैंबर की ओर से एक देश एक चुनाव पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद ढुलू महतो ने देश के विकास के लिए इसे जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि देशहित और जनहित में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ कराया जाना चाहिए। संगोष्ठी की अध्यक्षता जिला चैंबर के अध्यक्ष चेतन गोयनका और संचालन महासचिव अजय नारायण लाल कर रहे थे।
सांसद ने कहा कि सन 1951 में हुए देश के पहले चुनाव में प्रतिव्यक्ति खर्च 60 पैसे हुए थे। वर्ष 2024 के चुनाव यह बढ़कर 1400 रुपए हो गए। यह उदाहरण इस बात का प्रमाण है कि बार-बार चुनाव होने से देश को काफी नुकसान होता है। समय की बचत, अर्थव्यवस्था की मजबूती, खर्च में कमी, प्रशासनिक बोझ को कम करने, देश के विकास और प्रशासनिक बोझ को कम करने के लिए लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराया जाना चाहिए। जिला चैंबर की इस पहले के लिए अध्यक्ष चेतन गोयनका और उनकी टीम के प्रयास की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सिर्फ और देश के बारे में सोचते हैं।

# प्रधानमंत्री के हाथों प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन से सम्मानित होंगे गुमला डीसी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला के प्रशासनिक पदाधिकारी , गुमला उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी को भारत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी अपने हाथों से 21प्रैल 2025 को करेंगे सम्मानित , सिविल सेवा क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले पदाधिकारीयों को सिविल सर्विस डे 21 अप्रैल 2025 के अवसर पर भारत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी जी ।प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन से सम्मानित करेंगे, जिसमें गुमला जिला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अपने हाथों से सिविल सेवा क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित करेंगे , गुमला उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा पर्याप्त संसाधनों और विभिन्न चुनौतियों के बीच गुमला जिला में कार्य करते हुए गरीबों के उत्थान के लिए और गरीबी उन्मूलन के लिए , किए गए विभिन्न कार्यों से गुमला जिले में गरीब व्यक्तियों को गरीबी रेखा से काफी लोगों को ऊपर उठे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हुए, उन्होंने महिलाओं को विशेष स्थान दिया है , ज्ञातव्य है कि लगातार गुमला जिला के दो प्रशासनिक पदाधिकारी , जैसे पूर्व उपयुक्त सुशांत गौरव और गुमला जिला उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी को भी उक्त अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है, पूर्व उपयुक्त सुशांत गौरव को इस से पूर्व सन 2022 में रागी (मडुवा) को पौष्टिक आहार के रूप में , गुमला जिला से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रागी ( मडुवा ) को प्रसिद्धि दिलाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा था, इसी तरह झारखंड की राजधानी के बॉर्डर क्षेत्र से सटे हुए गुमला जिला में विकास की अलख जगानेवाले गुमला जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आदिवासी बहुल क्षेत्र गुमला जिला अंतर्गत स्थित विभिन्न सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के जंगलों , पहाड़ों में निवास करने वाले आदिम जनजाति और आदिवासी समाज के बीच नशा मुक्त करने जिला बनाने और गरीबी दूर करने और गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर उठने के उद्देश्य से उन्होंने झारखंड की संस्कृति से जुड़े , विभिन्न वाद्य यंत्र मंदार , ढोल ,नगाड़े , कृषि से जुड़े हुए विभिन्न औजार बनाने वाले संबंधी उपकरणों को उक्त संबंधित कारीगरों के बीच उपलब्ध कराते हुए , बांस से बनने वाले विभिन्न आकार प्रकार की सामग्रियों को बनाने के लिए औजार उपकरण , उपलब्ध कराए गए , साथ ही साथ उन्हें उक्त कार्य करने के लिए भवन का निर्माण कराया गया , आदिम जनजातियों के बीच चिप्सीना आलू के बीज , आलू की खेती करने के लिए , समस्त



संसाधन और उक्त आलू को प्रोसेसिंग कर चिप्सबनाने वाले मशीन और चिप्स बनाकर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षण दिलवानें की तैयारी चल रही है और आदिम जनजातियों को रोजगार से जोड़कर उनका उत्थान किया जा रहा है , और तो और विभिन्न आकार प्रकार के रोजगार उपलब्ध कराने के लियें संबंधित युवाओं को बैंकों से ऋण उपलब्ध भी कराई जा रही है , विशेष कर महिलाओं को उद्योग और रोजगार से जोड़ने के प्रयासों को और युवक - युवतियों को शिक्षा दिलाकर नौकरी दिलाने के उद्देश्य से सभी विद्यालयों में स्वयं गुमला जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह सहित अन्य विभिन्न पदाधिकारीयों द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों में जाकर बच्चे बच्चियों का मनोबल बढ़ाते हुए , उनकी पढ़ाई लिखाई एवं आकार प्रकार के एग्जाम और इंटरव्यू देने के उद्देश्य से , गुमला जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हाईटेक लाइब्रेरी एवं विज्ञान भवन की व्यवस्था की गई है , साथ ही साथ लाचार , गरीब , असहाय वृद्धों के लिए वृद्ध आश्रम , सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी विभिन्न आकार प्रकार के समस्याओं के समाधान के लिए और जिले के अंतिम व्यक्ति तक उक्त समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से विभिन्न ग्रामों में जनता दरबार लगाकर ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान किया जाता है , साथ ही साथ उक्त जन शिकायत निवारण के तहत मंगलवार को गुमला जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी अपने कार्यालय कक्ष में जिले के विभिन्न प्रखंडों और गांवों के ग्रामीणों को विभिन्न तिथियां में प्रखंडवार बुलाकर उक्त ग्रामीणों से स्वयं रूबरू होकर ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान करने में जुटे रहते हैं और शनिवार को जिले के अंतिम व्यक्ति तक अपनी पहुंच बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन वार्ता कर पीड़ित व्यक्तियों के विभिन्न समस्याओं का समाधान भी करते हैं, और तो और मोटरसाइकिल में सवार होकर (बैठकर) नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों के गढ़ में पहुंचकर जनता दरबार लगाकर , उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं , जिला के युवक - युवतियों के पढ़ाई लिखाई के लिए विभिन्न क्षेत्रों में हाई प्रोफाइल लाइब्रेरी बनाई गई है , और नौकरी दिलाने के उद्देश्य से विभिन्न निजी कंपनियां के माध्यम से नौकरी भी दिलाया जा रहा हैं , जिला मुख्यालय स्थित गुमला सदर अस्पताल, में , नॉर्मल प्रसव , कुपोषण पीड़ित बच्चों, ब्लड बैंक , अल्ट्रासाउंड आदि की व्यवस्था की गई है , साथी ही साथ जिला प्रशासन द्वारा दिल्ली एम्स, रांची रिम्स के डॉक्टर के सहयोग से मिर्गी पीडित व्यक्तियों और एनीमिया से पीड़ित बच्चे एवं अन्य लोगों का इलाज गुमला सदर अस्पताल सहित विभिन्न प्रखंडों एवं गांव में शिविर लगाकर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है , जिले के ग्रामीणों को बिजली , पानी, सड़क, चिकित्सा, गांव एवं घरों में सोलर प्लांट लगवाकर गांव और घरों को रोशन किया जा रहा है , उक्त उद्देश्य को अमली जामा पहनाने के उद्देश्य से गुमला उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी मोटरसाइकिल पर सवार होकर नक्सली गढ़ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पहूंचकर और जनता दरबार लगाकर समस्याओं का समाधान करने में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरते हैं और ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान करते हैं , जिससे इंकार नहीं किया जा सकता है, उक्त सभी खूबियों और उपलब्धियों के कारण ही, उक्त पुरस्कार प्राप्ति हेतु उक्त लिस्ट और श्रेणी में नामांकित होते ही , गुमला उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा अग्रिम बधाई दी जा चुकी है, 21 अप्रैल 2025 को प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन से सम्मानित होते ही, उक्त समारोह में उपस्थित भारत देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 1200 उपस्थित पदाधिकारी को गुमला जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी संबोधित करेंगे।

## 108 एम्बुलेंस में गंभीर मरीज को छोड़कर हुआ फरार, मरीज की हुई मौत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला सदर अस्पताल की स्थिति बाद से बत्तर बताते हुए मृतक के भाई बिरसाई उरांव और परिजनों ने दो-तीन घंटे तक किया गया हंगामा, गुमला सदर अस्पताल में कई गंभीर आरोप लगाते हुए , मृतक के भाई बिरसाई उरांव ने बताया की नेशनल हाईवे 23 पर नागफनी के समक्ष सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मेरे भाई 50 वर्षीय अजय तिग्गा को गुमला सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये रांची रिम्स रेफर किया गया था, परन्तु गुमला सदर अस्पताल से ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं कराया गया और और मेरे भाई जो गंभीर रूप से घायल था उसे ऐसा एम्बुलेंस उपलब्ध कराया गया , जिसका चालक मेरे गंभीर रूप से घायल भाई को एंबुलेंस में ही छोड़ कर भाग गया और समय पर ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होने और एंबुलेंस गाड़ी के चालक द्वारा गाड़ी छोड़कर फरार हो जाने के कारण और गुमला सदर अस्पताल की आक्रमान्यता और कार्य शिथिलता के कारण ही मेरे गंभीर रूप से घायल भाई की स्थित एकाएक गंभीर हो गई और 108 एंबुलेंस में ही उनकी मौत हो गई और वह काल के गाल में समा गया , मृतक मेरा भाई अजय तिग्गा जो पोस्ट ऑफिस ( पोस्टल )विभाग रांची में कार्यरत था और वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर , अपने स्कूटी में सवार होकर वापस घर आ रहा था , इसी क्रम में नागफनी ग्राम के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार अपाचे मोटरसाइकिल से सीधी टक्कर होने के कारण मेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया , जिसे सिसई थाना पुलिस के सहयोग से इलाज के लियें गुमला सदर अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिकी उपचार के बाद डॉक्टर ने मेरे भाई अजय तिग्गा को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था , परन्तु गुमला सदर अस्पताल से समय पर ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं कराने और 108 एम्बुलेंस का चालक , उक्त एंबुलेंस गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया और एंबुलेंस में सवार गंभीर रूप से घायल मेरे भाई अजय तिग्गा को समय पर ऑक्सीजन नहीं मिलने और 108 एंबुलेंस के गाड़ी के चालक द्वारा एंबुलेंस गाड़ी छोड़कर भागने के कारण ही , मेरे भाई अजय तिग्गा की लापरवाही बरतने के कारण ही मौत हो गई हैं और अब मेरा भाई अजय तिग्गा वापस नहीं आयेंगा , यह गुमला सदर अस्पताल की आक्रमान्यता और कार्य शिथिलता के कारण ही मेरे भाई का समय से पहले अकाल मृत्यु हुई है , नहीं तो आज मेरा भाई अजय तिग्गा जिंदा होता , इस घटनाक्रम का जांच होनी चाहिए और दोषी व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए,, ना ऑक्सीजन दिया गया और 108 एंबुलेंस का गाड़ी छोड़कर ही चालाक भाग गया।

## सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला प्रधानमंत्री के हाथों हुए सम्मानित

**बिनय मिश्रा**

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित सिविल सेवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त श्री रविशंकर शुक्ला को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम श्रेणी में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार, 2024 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया ब्लॉक में पहलों के सफल कार्यान्वयन और फोकस क्षेत्रों के प्रमुख संकेतकों के संदर्भ में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया है।



## पानी को लेकर नगर परिषद कार्यालय में हंगामा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

पुरानी रांची रोड के निवासियों ने पानी की हो रही किल्लत को लेकर नगर परिषद कार्यालय में जोरदार किया हंगामा और सड़क ताम कर दिया। गर्मी के आगमन होने के साथ चक्रधरपुर में पेयजल की किल्लत प्रारंभ हो गई है और लोगों को धरना और प्रदर्शन करने पर विवश भी कर दिया है चक्रधरपुर नगर परिषद के उदासीनता के फल स्वरुप पुरानी रांची रोड के निवासियों को पानी आपूर्ति नहीं होने से इस क्षेत्र के निवासी विवश और बाध्य होकर होकर आज नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर जोरदार हंगामा किया और सड़क भी जाम कर दिया जिससे जाम की स्थिति लग गई और नगर परिषद के कुंभकर्णी नींद भी टूटी बताया जाता है कि चक्रधरपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार के पदस्थापना काल के पश्चात से नगर परिषद के कामकाज तो प्रभावित हो ही रहे हैं बल्कि जन सुविधा का भी घोर अभाव है लोगों को कई समस्याओं से रूबरू और जूझना पड़ रहा है इसकी फिक्र ना तो कार्यपालक पदाधिकारी को है नहीं नगर



परिषद अधिन लोगों को ही आज पेयजल की समस्या और जलापूर्ति नहीं होने से त्रस्त होकर लोगों ने धरना प्रदर्शन करने को बाध्य हुए और उन्होंने अपने आपसी एक जुटता और पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु जोरदार प्रदर्शन किया जिसके फल स्वरुप नगर परिषद ने लिखित आश्वासन दिया तब जाकर उक्त जाम हटा विदित होकर चक्रधरपुर नगर परिषद इन दोनों ना तो सफाई व्यवस्था के प्रति ही गंभीर है और ना ही पर जल आपूर्ति के लिए ही लगता है कार्यपालक पदाधिकारी चक्रधरपूवार्सी के देर की परीक्षा ले रहे हैं और जब सब्र का बांध टूट गया तो लोगों ने जन आंदोलन करने को बाध्य और विवश हो गए।

## पुलिस कार्यशैली बदले, फिलहाल अपराधी बेखौफ, ऐसे तो कंट्रोल नहीं होगा : समिति

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में अपराधिक घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। प्रतिदिन शहर में चोरी, छिनतई, छेड़खानी और हत्या जैसी अपराधिक घटनाएं दिनदहाड़े हो रही हैं। करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जो एक शांत स्वभाव के व्यक्ति थे, विनय सिंह की हत्या जन मानस को झकझोर दिया है। कारण जो भी हो, लेकिन दिन दहाड़े निर्मम हत्या से आम जनता में भय और आक्रोश है। यह कहना है सिंहभूम केन्द्रीय वरिष्ठ नागरिक समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष शिव पूजन सिंह का। उन्होंने सोमवार को बयान जारी कर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। कहा, यह बात जरूर है कि पुलिस बड़ी सख्ती से जल्द से जल्द अपराधियों के नजदीक तक पहुंच जाती है और उसे ढूंढ भी निकालती है। अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की कोशिश करती है। अपराधी पकड़ाते हैं, जेल जाते हैं, छूटकर चले आते हैं और फिर वे वही काम करते हैं। उन्हें किसी तरह का भय नहीं है कि वे दोबारा अपराध नहीं करें, ताकि पुलिस उन्हें परेशान नहीं करे। ऐसे में अपराध करना जेल जाना छूटकर आ जाना, उनकी जीवनशैली बन गई है। इससे कभी अपराध कम नहीं होगा। सिंह ने कहा, पुलिस प्रशासन की सफलता तब होगी जब पुलिस प्रशासन के भय से अपराधी अपराध करना छोड़ दें या शहर छोड़कर भाग जाये। अगर ऐसा नहीं हुआ तो अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाना कभी सम्भव नहीं होगा। जरूरत हो तो पुलिस प्रशासन सरकार से विशेषाधिकार मांगे, वरना शहर में अपराध होता रहेगा, जनता अपराध का शिकार बनती रहेगी पुलिस अपना ऐसे ही काम करती रहेगी।

### ग्राम सभा की मंजूरी के बिना चल रहा ईंट भट्ठा, ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** नरवा पहाड़ के हाड़तोपा पंचायत अंतर्गत आने वाले खुर्शी गांव में ग्रामीणों ने एक ईंट भट्ठा को बंद कराने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। यह भट्ठा मुगार्घुटू नदी के किनारे चल रहा है।
बीरेंद्र हांसदा की अगुवाई में ग्रामीणों ने भट्ठा के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही रास्ते को घेर कर ग्रामीणों ने मिट्टी के परिवहन पर रोक लगा दी। ग्रामीणों का कहना है कि यह ईंट भट्ठा ग्राम सभा से बिना मंजूरी के चलाया जा रहा है, जो नियमों के खिलाफ है। उन्होंने झारखंड सरकार से इसे बंद कराने की मांग की है। प्रदर्शन में श्रीनाथ हांसदा, करननाथ मुर्मू, पूर्व मुखिया वास्ता मुर्मू, बुढ़हॉन हांसदा, ग्राम प्रधान की पत्नी सुनीला हांसदा, गाजी लाल मुर्मू, अमल मुर्मू, ईश्वर मुर्मू, देवेन हांसदा, मंगल मुर्मू, दीपक कुमार मुर्मू समेत कई ग्रामीण शामिल हुए।

## सरयू राय ने कदमा के बंद रास्ते पर डीसी को लिखा पत्र

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विधायक सरयू राय ने कदमा के केडी फ्लैट क्षेत्र में रहने वाले लोगों को हो रही आवागमन की परेशानी को लेकर उपायुक्त को पत्र लिखा है। उन्होंने मांग की कि उपायुक्त टाटा स्टील से समन्वय स्थापित कर इस समस्या का समाधान निकालें। राय ने पत्र में उल्लेख किया कि केडी फ्लैट होकर गुजरने वाला रास्ता लगभग 100 वर्षों से आम नागरिकों के उपयोग में था। लेकिन टाटा स्टील ने गत वर्ष एक ओर से इस रास्ते को बंद कर दिया, जिससे केडी फ्लैट के निवासियों और वहां के आउट हाउस वासियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।विधानसभा चुनाव के समय राय ने स्थानीय नागरिकों से वादा किया था कि वे इस रास्ते को पुनः खुलवाएंगे। इसके बाद टाटा स्टील के लैंड डिपार्टमेंट ने वैकल्पिक रास्ता बनाने की बात कही और एक रास्ता बनवाया भी, लेकिन यह रास्ता स्थानीय निवासियों की समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। राय ने बताया कि बिना वाहन व साइकिल सवारों को बाजार जाने के लिए लंबा चक्कर लगाना



पड़ रहा है। मेहमानों या परिचितों के लिए भी अंदर पहुंचना कठिन हो गया है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिस स्थान पर पहले प्रवेश और निकास द्वार था, वहां पैदल और साइकिल सवारों के लिए वैकल्पिक रास्ता खोला जाए। साथ ही कंपनी द्वारा जो पक्का वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है, उसकी चौड़ाई बढ़ाई जाए, ताकि यह उपयोगी और सुविधाजनक बन सके। राय ने उपायुक्त से अपील की कि वे इस जनसुविधा से जुड़े गंभीर मसले पर टाटा स्टील के अधिकारियों से बात करें और रास्ता खुलवाने की दिशा में सकारात्मक पहल करें। उन्होंने इसे आम जनता के हित में जरूरी बताया।